4 रायपुर संभाग
श्री रामकथा का चतुर्थ दिवस : राम सीता विवाहोत्सव का भव्य...

6 अभिमत
पाक-अफगान टकराव शांति को खतरा

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी...

10 फीचर
लहसुन अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 29 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-128 मूल्य 3.00 ₹

# लखमा एण्ड लखमा के यहां ईडी का छापा
# सद्दाम और ओझा की तलाश

पायनियर संवाददाता < रायपुर /सुकमा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर शनिवार को ईडी ने कई ठिकानों पर दबिश दी है। मामले को लेकर ईडी की टीम ने राजधानी से लेकर सुकमा तक पूर्व मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश कवासी और सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के कई ठिकानों पर दबिश दी है। इसी बीच खबर आ रही है कि कवासी लखमा की कार से ईडी के अधिकारियों को कई अहम दस्तावेज मिले हैं। कवासी लखमा की कार नंबर सीजी-04 एमएम 0009 से अधिकारियों ये दस्तावेज बरामद किए हैं। हालांकि अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि दस्तावेज के तार किससे जुड़े हुए है। इसके अलावा कवासी के करीबी ओझा के चौबे कॉलोनी स्थित मकान में अधिकारियों की पूछताछ करने की खबर है। वहीं सुकमा में उनके बेटे हरीश कवासी के शासकीय आवास पर अधिकारी पहुंचे। इसके अलावा सुकमा में ही नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर भी अधिकारी कार्रवाई की खबर हैं। सुकमा में दोनों कांग्रेस नेताओं के घर 5 गाड़ियों में 10 से ज्यादा ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। आशंका जताई जा रही है कि छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटालों को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में कई नेता और अफसर अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दे रहे थे। प्राथमिक रूप से यह बात सामने आई है कि पूरा सिंडिकेट सरकार के इशारों पर ही चलता रहा। तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को भी इसकी जानकारी थी और कथित तौर पर कमीशन का बड़ा हिस्सा आबकारी मंत्री कवासी लखमा के पास भी जाता था। बहरहाल मामले की जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि शराब घोटाले के मामले में एसीबी ने 70 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नाम भी शामिल है, जिन्हें हर महीने 50 लाख दिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन आखिरी सच तो जांच पूरी होने के बाद ही जनता के सामने आ सकेगा।

## ओझा और सद्दाम के घर भी ईडी का छापा

ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा के बेटे हरीश कवासी के घर पर भी छापा मारा। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू के घर पर भी ईडी ने छापामार कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने कांग्रेस के नेता सुशील ओझा के ठिकानों पर भी छापेमारी भी की है।





चौबे कॉलोनी स्थित सुशील ओझा के घर पर ईडी की टीम पहुंची, जहां पर मामले की पड़ताल की जा रही है। सुशील ओझा को पूर्व मंत्री कवासी लखमा का करीबी बताया जा रहा है।

इसके साथ ही लखमा के करीबी सद्दाम सोलंकी के घर में भी दबिश की खबर है। मिली जानकारी अनुसार सद्दाम और ओझा दोनों घर में नहीं मिले, ईडी ने इनके यहां नोटिस चस्पा कर दिया है। आगामी कार्रवाई के लिए कवासी के इन दोनों करीबीयों की तलाश जारी है।

## शराब घोटाले को लेकर जांच

जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम शराब घोटाले मामले की जांच में जुटी हुई है, और इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है। छत्तीसगढ़ में करीब 2200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा का नाम भी शामिल है। ईडी ने इस घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को मास्टरमाइंड बताया है। आरोप है कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब प्रदेश में बड़ा शराब घोटाला हुआ। ऐसा आरोप है कि इस घोटाले की जानकारी तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को भी थी, और घोटाले के दौरान कमीशन का एक बड़ा हिस्सा पूर्व मंत्री कवासी लखमा के पास भी जाता था। जिसको लेकर ईडी ने बड़ा एक्शन लेते हुए कार्रवाई की है।

# मनमोहन सिंह राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में हुए विलीन



पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया और उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नमगायेल वांगचुक, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ ही कई केंद्रीय मंत्री, राजनयिक तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही कांग्रेस में कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर को काफिले के साथ निगमबोध घाट लाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े, लेकिन निगम बोध घाट पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त होने के करण जो लोग कांग्रेस मुख्यालय से शव यात्रा में करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर घाट पर पहुंचे उनमें सबको अंदर जाने नहीं दिया गया। गौरतलब है कि डॉ. सिंह का 92 साल की उम्र में 26 दिसंबर रात करीब 9 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। डॉ. सिंह के निधन के बाद उनका स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस तथा भाजपा के बीच जमकर सियासत हो रही है हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि ट्रस्ट बनाकर डॉ. सिंह का समाधि स्थल बनाया जाएगा। डॉ. सिंह 2004 से 2014 तक दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1991 में पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार में वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने देश में उदारवादी आर्थिक सुधार लागू किया जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई रिपीट नई ऊंचाई मिली।

## क्विक न्यूज़

### संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए सेना की टुकड़ी नेपाल रवाना




नई दिल्ली। भारतीय सेना की 334 कर्मियों की टुकड़ी बटालियन स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण के 18 वें संस्करण में भाग लेने के लिए शनिवार को नेपाल के लिए रवाना हो गई। यह अभ्यास 31 दिसंबर से 13 जनवरी तक नेपाल के सलझंडी में आयोजित किया जाएगा। यह वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11 वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन द्वारा किया जाएगा। नेपाली सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व श्रीजंग बटालियन द्वारा किया जाएगा।

### एक समुदाय विशेष के लोगों को फर्जी मतदाता बनवा रहे हैं : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर अधिकारियों पर दबाव डालकर एक समुदाय विशेष के लोगों का फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाताओं से बातचीत में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर और दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि चुनाव जीतने के लिये एक तरफ दिल्ली सरकार फर्जी योजनाओं का जोरशोर से प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर एक समुदाय विशेष के लोगों को फर्जी आधार कार्ड से मतदाता बनवा रही है।

### सोना -चांदी में गिरावट

इंदौर। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी नरमी लिए बताई गई।



चांदी सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 2621 डालर व चांदी 2935 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 78450 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 89400 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।

### उप-राज्यपाल ने आप के खिलाफ दिये जांच के आदेश

नई दिल्ली। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी संदीप दीक्षित की दिल्ली की शिकायत पर, दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेताओं के खिलाफ मुख्य सचिव को जांच के आदेश दिये हैं। दीक्षित ने उप-राज्यपाल से मिलकर शिकायत की है कि दिल्ली में उनके घर के सामने पंजाब सरकार के खुफिया अधिकारी खड़े होते हैं, जिससे उनको अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता है।

# अनशन पर बैठे दल्लेवाल के स्वास्थ्य मामले में पंजाब के जबाव से सुप्रीम कोर्ट असंतुष्ट, 31 को सुनवाई

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा खनौरी सीमा पर एक माह से अधिक समय से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की चिकित्सा से संबंधी मामले से निपटने में पंजाब सरकार के जबाव से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए शनिवार को उसे फिर कड़ी फटकार लगाई तथा जवाब के लिए एक और मौका दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन विशेष पीठ ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हम पंजाब के डीजीपी और मुख्य सचिव द्वारा दायर हलफनामों से बिल्कुल असंतुष्ट हैं। पीठ ने दल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने में विफल रहने पर पंजाब सरकार को फिर कड़ी फटकार लगाई और कहा कि समय बीत रहा है। इस संकट को जल्द से जल्द खत्म करने की जरूरत है। विशेष पीठ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह के अलावा राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम केवल यह देखना चाहते हैं कि हम 20 दिसंबर के आदेश के अनुपालन के संबंध में पंजाब द्वारा किए गए प्रयासों से संतुष्ट नहीं हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 31 दिसंबर की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, जबाव (संबंधित पक्षों की राय) के मद्देनजर हम निर्देशों (चिकित्सा संबंधी अदालती आदेश) का पालन करने के लिए और समय देने के पक्ष में हैं। हम केंद्र सरकार को आदेशों के अनुपालन के लिए (चिकित्सा सहायता) अपेक्षित जरूरी सहायता प्रदान करने का निर्देश देते हैं। विशेष सुनवाई के दौरान सिंह ने कहा कि दल्लेवाल ने चिकित्सा हस्तक्षेप (धरना स्थल से अस्पताल ले जाने के लिए) से इनकार कर दिया है और कहा कि ऐसा कोई भी कदम आंदोलन के उद्देश्य को कमजोर करेगा। महाधिवक्ता ने कहा कि एक दिन पहले राज्य के विधायकों और मंत्रियों के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किसान नेता दल्लेवाल को चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, उन्हें मनाने के सभी प्रयास असफल रहे। इस पर पीठ ने कहा, यह सब दर्शाता है कि आप उनके वहीं रहने के कारण का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर आश्वासन देने के लिए किसान नेता द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र का हवाला दिया।

# छत्तीसगढ़-झारखण्ड में एनआईए का छापा नकदी व नक्सल सामग्री बरामद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में नक्सल मामलों से जुड़ी बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। इस दौरान 1.5 लाख रुपये नकद समेत कई आपत्तिजनक नक्सल सामाग्री बरामद की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड के गाराडीह में इलाके में 2023 में हुए नक्सल कैडर कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद छापेमारी की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित गरियाबंद और धमतरी जिले के 11 से अधिक संवदेनशील स्थानों पर भी छापेमारी की है। एनआईए ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े एक मामले में झारखंड के गिरिडीह में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक छापेमारी के दौरान संदिग्धों और नक्सलियों के घरों और अन्य परिसरों की एनआईए की टीमों ने गहन तलाशी ली, जिसमें कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। जब्त की गई वस्तुओं की जांच की जा रही है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) के नक्सल कैडर कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद छापेमारी की गई। सीपीआई (माओवादी) के क्षेत्रीय समिति सदस्य हांसदा को जनवरी 2023 में डुमरी के लुसियो वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने जून 2023 को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एनआईए ने कई संदिग्धों और नक्सलियों के बीच संबंधों का पता लगाया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे गिरिडीह के पारसनाथ इलाके में सीपीआई (माओवादी) को रसद और इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति में शामिल थे। इसके अलावा एनआई ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद और धमतरी जिलों के संवेदनशील माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के रावनडिग्गी, सेमरा, मैनपुर, घोरागांव, केराबहरा और गरियाबंद गांवों के 11 संदिग्धों के ठिकानों पर पर भी छापेमारी की। छत्तीसगढ़ में साल 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान के बाद बड़ेगोबरा में पोलिंग पार्टी पर ब्लास्ट कर हमला किया था, जिसमें आईटीबीपी का एक हेड कॉन्स्टेबल शहीद हो गया था। घटना में नक्सलियों के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन से जुड़े होने का शक है। जिन संदिग्धों के परिसरों की आज तलाशी ली गई, उनके नाम मामले की एनआईए जांच के दौरान सामने आए थे।

# नवा रायपुर में बनेगा छत्तीसगढ़ का पहला फार्मास्युटिकल पार्क

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्युटिकल हब बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। फार्मास्युटिकल पार्क से नए अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि हेतु एनआरडीए द्वारा सेक्टर 22 ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) को फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना के लिए 141.84 एकड़ भूमि आबंटित की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही फार्मास्युटिकल क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं आम लोगों को सहजता से सुलभ हो, इस सोच के साथ राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में प्रभावी इको सिस्टम तैयार करने की लगातार पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाना है तो स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और जनोन्मुख बनाना जरूरी है। फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना इसी की एक कड़ी है। उन्होंने बताया कि नई औद्योगिक नीति में भी फार्मास्युटिकल क्षेत्र के उद्योगों को कई अनेक सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि होने के साथ ही फार्मास्युटिकल क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना से घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा उत्पादों की बढ़ती मांग को हम आसानी से पूराकर पाएँगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है जिसे आने वाले समय में 10 लाख रूपए तक किए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बताया कि फार्मास्युटिकल पार्क में आयुष उत्पादों में विशेषज्ञता वाली फार्मास्युटिकल इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पार्क फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होगा।

## मुख्यमंत्री ने कहा - पटवा अनुशासनप्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे

# सीएम साय ने कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदर लाल पटवा की पुण्यतिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदर लाल पटवा की पुण्य तिथि तथा अरुण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि कुशाभाऊ नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरे जी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मविभूषण स्व. अरूण जेटली की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि जेटली ने भारत के वित्त, रक्षा, कॉरपोरेट मामले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभाला और देश के विकास को नई गति दी। उन्होंने देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जेटली जी को वित्तीय मामलों का गूढ़ जानकार माना जाता था। उन्होंने भारत में आर्थिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरुण जेटली का देश के विकास में दिया गया अमूल्य योगदान हमेशा याद किया जाएगा। इसी तरह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री पद्म विभूषण सुन्दर लाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा कि पटवा अनुशासनप्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। सौम्य व्यक्तित्व, कुशल संगठन क्षमता से युक्त, ओजस्वी वक्ता और विभिन्न जनसमस्याओं को उठाने वाले जुझारू नेता के रूप में पटवा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने समाज के हर तबके के लिए काम किया और किसान हितैषी कई फैसले लिए। वे सहकारी आंदोलन से जुड़े और अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों को संभाला। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को जनोन्मुखी बनाया। उनके कार्यकाल में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों, शिल्पियों और श्रमिकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के सफल प्रयोग किये गये। साय ने कहा कि पटवा जी का व्यक्तित्व और कृतित्व हमें सदैव अपने दायित्वों का उत्कृष्टतापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा देता रहेगा।

# तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया की होगी ऑनलाईन मॉनिटरिंग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस साल से ऑनलाइन सॉफ़्टवेयर के माध्यम से निगरानी की जाएगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक दी गई। नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता संग्राहकों से 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से क्रय किया जा रहा है। निजी क्रेताओं को प्रतिभूति राशि जमा करने की अवधि में 15 दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निजी गोदामों में भंडारण हेतु जमा सुरक्षा निधि की 100 प्रतिशत वापसी की सहमति भी दी गई। बैठक में प्रबंध संचालक, वन विकास निगम द्वारा सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, और बैंकुठपुर में पाई जाने वाली पांच प्रजातियों के बांस का प्रत्यक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया। इनमें रोपा, चांई, झींगी, कटंग और पहाड़ी बांस शामिल हैं। इन बांसों का उपयोग कागज, फर्नीचर, सजावटी सामान, टेंट, सेंट्रिंग, और सब्जी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 500 करोड़ रूपए मूल्य का बांस राज्य के कृषकों की भूमि पर उपलब्ध है। सब्जी उत्पादक कृषकों द्वारा प्रति वर्ष लगभग दस करोड़ रूपए के बांस का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण और रेलवे द्वारा बांस का उपयोग क्रेश बैरियर और फेंसिंग में किया जा रहा है, जिससे यह काष्ठ, एल्युमिनियम और लौह का महत्वपूर्ण विकल्प बनता जा रहा है। मंत्री केदार कश्यप ने बांस बाजार का विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल में निवासरत परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए समर्थन मूल्य पर अधिक लघु वनोपज के संग्रहण को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी. श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीता गुप्ता और उप सचिव मयंक पाण्डेय उपस्थित रहे।

# राजस्थान का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार का एकमात्र ध्येय : भजनलाल

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश का सर्वांगीण विकास और प्रदेशवासियों का कल्याण ही राज्य सरकार का एकमात्र ध्येय बताते हुए कहा है कि सरकार के इस ध्येय की पूर्ति में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विधायक की अहम भूमिका है इसलिए एक जनप्रतिनिधि के रूप में विधायकों को समर्पण भाव के साथ जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहना चाहिए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर कोटा संभाग के विधायकों के साथ पिछले बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन और आगामी बजट की तैयारियों से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक विधायक को उसके विधानसभा क्षेत्र की जनता बहुत आकांक्षाओं और उम्मीदों के साथ चुनकर भेजती है, ऐसे में जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह जनता के भरोसे पर खरा उतरे। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रत्येक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले बजट में राज्य के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को ढेरों सौगातें दी हैं और यह आवश्यक है कि आगामी बजट से पूर्व पिछले बजट में की गई घोषणाओं का धरातल पर उतरना सुनिश्चित हो। शर्मा ने कहा कि विधायकगण अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विधायकों के साथ समन्वय बनाकर आधारभूत विकास के कार्यों में वित्तीय स्वीकृति से लेकर जमीन आवंटन, डीपीआर तैयार होने और निर्माण कार्य प्रारंभ होने तक प्रत्येक चरण पर समयबद्ध रूप से कार्यों की क्रियान्विति सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दूरगामी सोच के साथ पिछला बजट प्रस्तुत किया था, जिसकी हर तरफ सराहना हुई। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को भी राज्य की जनता के लिए सार्थक और समावेशी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर सूची बनाकर भेजें, ताकि उन कार्यों को आगामी बजट में शामिल किया जा सके। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, संदीप शर्मा, कालूराम, कंवरलाल, राधेश्याम बैरवा, ललित मीणा, कल्पना देवी, गोविंद प्रसाद आदि मौजूद थे।

## इल्मा अफ़रोज़ की तैनाती को लेकर गृह सचिव व डीजीपी को जारी नोटिस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने पुलिस अधिकारी इल्मा अफ़रोज़ की तैनाती को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई याचिकाकर्ता सुच्चा सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई। अदालत ने इस मामले में स्पष्टीकरण मांगते हुए अगली सुनवाई की तारीख चार जनवरी तय की है। इल्मा अफ़रोज़ को 16 दिसंबर से पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है, जबकि बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ क्षेत्र के लोग उनकी बद्दी में तैनाती की मांग कर रहे हैं। याचिकाकर्ता सुच्चा सिंह का कहना है कि इल्मा अफ़रोज़ की तैनाती से बीबीएन क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था मजबूत होगी और ड्रग माफिया तथा खनन माफिया पर सख्ती की जाएगी। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की खंडपीठ ने याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद गृह सचिव और डीजीपी से इस मामले पर जवाब मांगा।

# पुलिस ने बर्फबारी के बीच गुलमर्ग यात्रियों के लिए जारी की सलाह

एजेंसी ∢ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी के बीच जिला पुलिस बारामूला ने गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट की यात्रा करने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सलाह दी कि वे अपने वाहनों को एंटी-स्किड स्नो चेन से लैस करें और सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक अपनी यात्रा की योजना बनाएं। सेना द्वारा दोपहर से शुरू हुई भारी बर्फबारी के कारण गुलमर्ग जिले के स्की रिसॉर्ट में फंसे पर्यटकों को निकालने के कुछ घंटों बाद यह सलाह जारी की गई। कश्मीर में सर्दियों का एक प्रमुख गंतव्य गुलमर्ग अपने बर्फ से ढके परिदृश्य और स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग जैसे शीतकालीन खेलों के लिए प्रसिद्ध है जो देश भर से हिमपात के शौकीनों को आकर्षित करता है। पुलिस ने गुलमर्ग-तंगमर्ग सड़क पर वाहनों की आवाजाही के लिए सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक की अनुमति है। पुलिस ने अपनी सलाह में कहा, इन घंटों के बाद अगर जरूरी हो तो अपनी यात्रा की सावधानीपूर्वक योजना बनाएं। यह भी अनिवार्य है कि सभी वाहन यहां तक कि 4बाई4 भी एंटी-स्किड स्नो चेन से लैस हों। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ईंधन टैंक को पूरा भर लें और पुष्टि करें कि वाहनों की बैटरी, ब्रेक, लाइट, विंडशील्ड वाइपर और डीफ़्रॉस्टर अच्छी स्थिति में हैं। सलाह में यात्रियों से बर्फीले तूफ़ानों के दौरान यात्रा करने से बचने को कहा गया है।

इसके अलावा यात्रियों को भोजन, गर्म कपड़े और प्राथमिक चिकित्सा किट सहित आपातकालीन आपूर्ति साथ रखने को कहा गया है।

# उर्वरकों की समय रहते उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं : सीएम यादव

पायनियर संवाददाता ∢ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूरिया, डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों की समय रहते उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए गौवंश आधारित जैव उर्वरकों के उपयोग को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाए। डॉ. यादव ने प्रदेश में उर्वरक प्रबंधन की समीक्षा के दौरान यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कृषक, पारम्परिक अनुभव और स्वयं की पहल पर बड़े पैमाने में जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं। यह मिट्टी की गुणवत्ता और धरती की सेहत के लिए भी लाभप्रद है। उपयोग की जा रही जैविक खाद की मात्रा की गणना और दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। इस आधार पर प्रदेश में जैविक खाद के उपयोग को बढ़ाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने का मॉडल विकसित किया जाए। राज्य की यह पहल अन्य प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय होगी। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए जैविक तथा प्राकृतिक खाद जैसे विकल्प किसानों को उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री के समत्व भवन में हुई बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को फसल चक्र के अनुसार समय रहते उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए उर्वरक वितरण के प्रमुख केन्द्रों पर अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए कार्य योजना विकसित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में फसलों की बुवाई लगभग 97 प्रतिशत है। वर्तमान वर्ष में यूरिया, एन.पी.के.,एस.एस.पी और एम.ओ.पी. उर्वरकों की उपलब्धता गत चार वर्षों में सर्वाधिक है। वर्तमान तक उपलब्ध 35 लाख 68 हजार मीट्रिक टन में से 32 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया का वितरण हो चुका है।

## सारण में अपराधियों ने दुकानदार को गोली मारकर घायल किया

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में अपराधियों एक दुकानदार को गोली मारकर घायल कर दिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि मीठेपुर रसूलपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह शुक्रवार की रात में अपनी दुकान बंदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जिसके बाद पुलिस घायल का बयान दर्ज करने पटना गयी हुई है।

# टनकपुर में मिश्रा हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ∢ चंपावत/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड की टनकपुर पुलिस ने नरेंद्र मिश्रा हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारों ने पहले शराब पी और उसके बाद हत्या की योजना को अंजाम दिया। चंपावत के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत 26 दिसंबर को टनकपुर के रोडवेज वर्कशाप के पास नरेन्द्र मिश्रा निवासी वार्ड न0 5, नई बस्ती, कोतवाली टनकपुर की चाकू से गोद कर निर्मम हत्याऔ कर दी गई थी। मृतक के भाई देवेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर तीन लोगों हरीश भटट, आकाश पाटनी और धमेन्द्र कुमार उर्फ धरू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1)/61 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गयी। पुलिस टीम ने आरोपी हरीश भटट निवासी टनकपुर, धर्मेन्द्र कुमार उर्फ धरू निवासी वार्ड नं0-06, टनकपुर को बूम क्षेत्र के चिडिया घोल से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही तीसरे आरोपी आकाश पाटनी निवासी ककरालीगेट, टनकपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। हत्याकांड में उसकी भी संलिप्तता पाये जाने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को जांच में पता चला कि हरीश भट्ट और मृतक का घटना के दिन दोपहर में पीलीभीत चुंगी के पास झगडा हुआ था। तीनों आरोपियों ने शाम के समय हरीश भट्ट की दुकान पर बैठकर शराब पी। इसी दौरान हरीश भट्ट ने मृतक के साथ दिन में हुई मारपीट का किस्सा बताया।

## बिजली गिरने से किसान की मौत

**बारां।** राजस्थान में बारां में देर रात तेज गर्जना के साथ हुई बारिश के दौरान बिजली गिरने से खेत की रखवाली कर रहे एक किसान की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कई जगहों पर तेज गर्जना के साथ बारिश हुई। बारिश के दौरान हरनावदाशाहजी में नंद किशोर लोधा रात में खेत में रखवाली के लिये गया था। वहां देर रात अचानक बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों सुपुर्द कर दिया गया। उधर, अचानक आये मौसम में बदलाव से वातावरण में ठंड का असर बढ़ गया। जिलेवासी गर्म कपड़ों और रजाइयों में दुबके रहे। शनिवार सुबह भी कई जगह रुक-रुककर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। इसके कारण सुबह से जारी धुंध दोपहर तक भी छाई रहीं। अचानक बारिश से कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। सर्दी से बचाव के लिये लोग अलाव सेंकते तरह तरह के जतन करते दिखे। कृषि विभाग के अनुसार मावठ की यह बारिश फसलों के लिये फायदेमंद साबित होगी।



## दिलावर ने रामगंजमंडी क्षेत्र में ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करने के दिए निर्देश

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रात कोटा जिले के रामगंजमंडी क्षेत्र में हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। दिलावर ने कोटा जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी को निर्देशित किया है कि रामगंजमंडी क्षेत्र के गांवों लखारिया, गादिया, सोहनखेड़ी, बुद्धखान, कोला, अरनिया खुर्द, बाशयाहेडी, उद्‌पुरा, हरिपुरा तथा अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार की रात को तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जिसके कारण खेत में खड़ी किसानों की धनिए और सरसों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान के लिए तुरंत सर्वे कराया जाए।

## बस और ट्रक की भिडंत में दो दर्जन लोग घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के हटा-पन्ना राजमार्ग पर स्थित व्यारमा नदी के पुल के पास एक बस और ट्रक की भिडंत में लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गैसाबाद थाना क्षेत्र में हटा-पन्ना राजमार्ग पर व्यारमा नदी पुल के पास सुबह दमोह से पन्ना की ओर जा रही यात्री बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में लगभग 24 बस यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को 108 की मदद से हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि कुछ घायलों का उपचार सिमरिया अस्पताल में किया जा रहा है। हादसे के बाद बस और ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।




## उत्तराखंड के चमोली में भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जनपद में पूर्वाह्न भूकंप के झटके लगने से लोग हतप्रभ हो गए। इस दौरान, कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, चमोली जिले में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.4 रही। इससे किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना अभी नहीं है। सुबह नौ बजकर 36 मिनट पर अचानक धरती डोलने से लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए।

# वेदों से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता : देवनानी

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मानव जीवन की समस्याओं का समाधान वेदों में बताते हुए कहा है कि इनसे नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता हैं। देवनानी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित अरविंद के आलोक में वेद की आधुनिक व्याख्या पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वेदों की शिक्षाओं को सरल भाषा में बताया जाना आज की जरूरत बताते हुए कहा कि हम कितने भी आधुनिक बन जाएं, वेदों की शिक्षाओं की आवश्यकता हमारे जीवन में सदैव बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि वेद प्राचीनतम ग्रंथ हैं लेकिन यह आज भी सामायिक है। देवनानी ने विद्वानों का आह्वान किया कि वे वेदों का सरलीकरण से विवेचन करें ताकि लोगों को वेदों की अनुभूति हो सके और वे समझ सके कि मानव जीवन की समस्याओं का समाधान वेदों में है। उनका मानना था कि जीवन जीने की शैली वेदों से समझी जा सकती है। देवनानी ने कहा कि वेद अतीत नहीं वर्तमान है। आमजन को उनकी अनुभूति करने की आवश्यकता है। यह केवल आध्यात्मिक अनुष्ठान ही नहीं है बल्कि चेतना की गहरी परतो तक पहुंचने वाला अथाह ज्ञान है। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी संतुलन को वेदों से समझा जा सकता है। वेद राष्ट्रीय जागरण को नई दिशा देते हैं। मानवता का सबसे बड़ा दर्शन भी वेदों में मिलता है। प्रकृति के प्रति सम्मान वेदों से समझा जा सकता है और भारत के नैतिक ढांचे को भी यह आकार प्रदान करते हैं। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक सुदेश कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन किया।

# मद्रास उच्च न्यायालय ने अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए

एजेंसी ∢ चेन्नई
www.dailypioneer.com



मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न की विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच के आदेश दिए और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्राथमिकी में उसकी पहचान उजागर होने के बाद पीड़िता को हुए मानसिक आघात के लिए 25 लाख रुपये का मुआवजा दें। न्यायालय ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वह पीड़िता को उसके मानसिक आघात को देखते हुए आवश्यक मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के अलावा मुफ्त शिक्षा और छात्रावास सुविधाएं प्रदान करें। न्यायालय ने पुलिस को पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया। न्यायालय ने चेन्नई पुलिस आयुक्त ए अरुण को प्राथमिकी लीक होने पर फटकार लगाने के बाद सुनवाई फिर से शुरू करते हुए जिसमें पीड़िता की पहचान उजागर हुई थी और यह निष्कर्ष निकाला गया था कि गिरफ्तार व्यक्ति ही असली अपराधी है और अपराध में केवल एक ही व्यक्ति शामिल है। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और वी लक्ष्मीनारायण की पीठ ने चल रही जांच में विभिन्न चूकों को उजागर करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की तीन महिला अधिकारियों स्नेहा प्रिया, अयमान जमाल और बृंदा की एसआईटी टीम को जांच का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि एसआईटी प्राथमिकी लीक मामले की भी जांच करेगी। पीठ ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण माना कि प्राथमिकी लीक होने से ही पीड़िता को शर्मसार होना पड़ा। ''इससे उसे और अधिक मानसिक पीड़ा हुई है। यह देखते हुए कि महिलाओं की सुरक्षा करना राज्य और समाज का कर्तव्य है पीठ ने प्राथमिकी लिखने के तरीके को गंभीरता से लिया और कहा ''यह उसे दोषी ठहराकर या शर्मिंदा करके नहीं किया जा सकता।'' न्यायालय ने कहा ''यह महिलाओं के प्रति द्वेषपूर्ण है। संविधान पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर नहीं करता है और समाज को महिलाओं को नीचा दिखाने में शर्म महसूस करनी चाहिए।

## निरंतर नवाचार से होता है अस्तित्व सुनिश्चित : विजियन

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि तेजी से बदलती दुनिया में व्यक्तियों और संस्थानों के लिए निरंतर नवाचार से अस्तित्व सुनिश्चित होता है। विजयन ने शनिवार को यहां कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) के नवीनतम उद्यम, ताज कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। ताज कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक पांच सितारा होटल है जिसका निर्माण सीआईएएल द्वारा किया गया है और संचालन आईएचसीएल ताज समूह द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री ने सेवा वितरण में बदलते रुझानों के अनुकूल होने के महत्व विशेष रूप से व्यापक नए मीडिया के युग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन दिनों सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करना पर्याप्त नहीं है क्योंकि नया मीडिया दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। लोगों को लाभों के बारे में आश्वस्त करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने सीआईएएल की पेशेवर विपणन रणनीतियों और अपनी पहल के लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने की क्षमता की सराहना की। उन्होंने सितंबर में लॉन्च किए गए 0484 एयरो लाउंज को सावधानीपूर्वक योजना और बाजार अनुसंधान के प्रमाण के रूप में उद्धृत किया।

# 'अजमेर उर्स' के लिए रेलवे चला रहा है स्पेशल ट्रेन

पायनियर संवाददाता ∢ भोपाल
www.dailypioneer.com



रेलवे ने 'अजमेर उर्स' के दौरान अतिरिक्त यातायत क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 07732/07733 काचीगुड़ा-अजमेर-काचीगुड़ा स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप तथा गाड़ी संख्या 07119/07120 तिरुपति-मदार-तिरुपति स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) भोपाल स्टेशन पर ठहरकर अपने गंतव्य तक जाएगी। पमरे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 07732 काचीगुड़ा-अजमेर स्पेशल ट्रेन 03 जनवरी को काचीगुड़ा स्टेशन से रात 23.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.10 बजे भोपाल और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 14.30 बजे अजमेर स्टेशन पहुंचेगी। जबकि गाड़ी संख्या 07733 अजमेर-काचीगुड़ा स्पेशल ट्रेन 08 जनवरी को अजमेर स्टेशन से 19.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.50 बजे भोपाल और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 10.00 बजे काचीगुड़ा पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में मलकाजगिरि, बोलारम, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, धर्माबाद, उमरी, मुडकहेड़, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशीम, अकोला जंक्शन, मलकापुर, बुरहानपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर और नसीराबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 17 वातानुकूलित कुर्सीयान सहित कुल 19 डिब्बे रहेंगे। इसीतरह गाड़ी संख्या 07119 तिरुपति-मदार स्पेशल ट्रेन 02 जनवरी को तिरुपति स्टेशन से सुबह 07.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.50 बजे भोपाल और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 05.15 बजे मदार स्टेशन पहुंचेगी। जबकि गाड़ी संख्या 07120 मदार-तिरुपति स्पेशल ट्रेन 09 जनवरी को मदार स्टेशन से सुबह 04.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 18.40 बजे भोपाल और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन रात 23.00 बजे तिरुपति पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में रेनीगुंटा, कडप्पा, यर्रगुंटला, तडीपत्र, गूटी, धोने, कुर्नूल टाउन, गडवाल, महबूबनगर, शादनगर, काचिगुडा, चेरलापल्ली, काजीपेट, पेद्दापल्ली, मंचेरियल, बेल्लमपल्ली, सिरपुरकागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, अमला, भोपाल, उज्जैन, रतलाम , मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़ , भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर और मदर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

# होम्योपैथी सम्मेलन में देश भर के होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञों ने इलाज के नये तरीकों पर किया मंथन

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में जयपुर के झालाना सांस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 23वीं ऑल इंडिया होम्योपैथी साइंटिफिक सेमिनार 'होप हेल्थ होम्योपैथिक 2024' में देशभर के होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञों ने इलाज के नये तरीकों पर मंथन किया। सम्मेलन का उद्घाटन राजस्थान आयुर्वेद यूनिवर्सिटी जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापत ने किया। इस अवसर पर एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉक्टर एस एस अग्रवाल, नेशनल कौंसिल ऑफ़ होमियोपैथी के अध्यक्ष डॉक्टर तारकेश्वर जैन, हमाई के महासचिव डॉक्टर ए के गुप्ता, हमाई के अध्यक्ष डॉक्टर श्यामल मुखर्जी साहित होम्योपैथी की अन्य हस्तियां मौजूद रहीं। हमाई के आयोजन अध्यक्ष रवीन्द्र जैन और संयोजक डॉक्टर पंकज शर्मा ने बताया कि दो दिन चलने वाले इस राष्ट्रीय होम्योपैथी सम्मेलन में होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में अब तक हुये विशेष शोध और चिकित्सा की नयी पद्धतियों के बारे में चर्चा और मंथन होगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये डॉक्टर एस एस अग्रवाल ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति जैसा माना जाता है कि इसमें कम से कम दुष्प्रभाव होने के कारण लोग इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं। अपेक्षाकृत सस्ता और सुलभ इलाज होने के कारण होम्योपैथिक का भविष्य उज्ज्वल दिखाई दे रहा है। वैक्सन एण्ड वैक्सन के अध्यक्ष डॉक्टर एसपीएस बख्शी ने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में होम्योपैथी भारत के घर-घर में अपनी पहुंच बना लेगी। राजस्थान आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर प्रजापत ने होम्योपैथिक के विशेषज्ञ चिकित्सकों से आग्रह किया कि सरकारी और निजी क्षेत्र में होम्योपैथी में हो रहे अनुसंधानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाये। होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, 'हमाई' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस के मुखर्जी ने कहा कि सरकार आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सा क्षेत्र की अन्य पैथियों विशेष करके होम्योपैथी के विकास पर ध्यान दे। होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया राजस्थान स्टेट ब्रांच की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के करीब एक हजार विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सक शिरकत कर रहे हैं।

# आयुष्मान कार्ड बनाने जिले में 3 और 4 जनवरी को होगा विशेष शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले में छूटे हुए नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 3 और 4 जनवरी 2025 को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार कर ली गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचना चाहिए और कोई भी इससे वंचित न रहे।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग), मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), सीडीपीओ, बीएमओ, सीएमओ (नगर पंचायत), बीपीएम, पीआरपी (एनआरएलएम), और खंड स्तरीय चिकित्सा विभाग के योजना प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजना के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और सभी पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 से 30 दिसंबर 2024 तक 1 लाख 61 हजार 587 छूटे हुए हितग्राहियों की ग्रामवार पीडीएफ सूची डाउनलोड कर ग्रामवार वितरण किया जाएगा। सभी खंड चिकित्सा, बीपीएम अधिकारी 29 दिसंबर तक ग्रामवार सूची को प्रिंट कराएंगे और जिला, विकासखंड मितानिन समन्वयक के माध्यम से 30 दिसंबर तक वितरण करेंगे। डीपीसी द्वारा ग्रामवार विकासखंडवार खंडचिकित्सा अधिकारी को पीडीएफ कॉपी 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी। 30 दिसंबर 2024 को सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ के द्वारा रोजगार सहायक और सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के लिए सीईओ जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के लिए सीएमओ विहित प्राधिकारी होंगे। ग्राम रोजगार सहायक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण जनपद पंचायतवार नामांकित कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विकासखंड महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मितानिन समन्वयक के समन्वय से दक्ष सदस्यों का चिन्हांकन किया जाएगा। 01 जनवरी से 02 जनवरी तक ग्रामवार प्राप्त सूची का वाचन एवं वार्डवार हितग्राही स्लिप तैयार कर हितग्राही को वितरण किया जाएगा। 03 और 04 जनवरी 2024 को आयोजित शिविर की सूचना हेतु मुनादी कराई जाएगी। ग्राम में निवासरत मितानिन, बिहान योजना के सक्रिय महिला सदस्य, कृषि सखी, पशु सखी एवं अन्य सक्रिय सदस्य आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक को इसके लिए दायित्व दिया गया है। प्रत्येक 25 सदस्य पर 01 रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं टेबल की व्यवस्था की जाएगी। 3 जनवरी और 4 जनवरी को समस्त छूटे हुए सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक 25 सदस्य पर नियुक्त 01 सहायक नोडल अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ एवं सीएमओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आरएचओ, सीएचओ, तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत, पीआरपी पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास को पंचायत का क्लस्टर तैयार करके नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

# अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज द्वारा साल्हे में शक्ति दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



पायनियर संवाददाता ᐸ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज द्वारा साल्हे में शक्ति दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बारह गांव बरहो परगना मंदिर में ग्राम शीतला माता एवं मां दन्तेश्वरी की पुजा पाठ करने के पश्चात् गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हल्बी हल्बा सामुदाय कि माताएँ एवं बहनों पारम्परिक रूप से पिला साड़ी के साथ सिर पर कलश लेकर बाजे गाजे के साथ गांव की गलियों में भ्रमण किया। इसके बाद सभी समाज के लोग एक साथ सामाजिक झण्डा एवं मां दन्तेश्वरी की छायाचित्र की पूजा अर्चना करने के पश्चात् झण्डा फहराया। साथ ही शहिद गैंद सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभी समाज के लोग सभा स्थल पर एकत्रित होकर समाज के प्रबुद्ध जनों ने उपस्थित सामाजिक जन समुदाय को इस शक्ति दिवस पर्व की बधाई देते हुए समाज को एकजुट रहने की बात कही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक सावित्री मंडावी ने कहा हल्बा समाज एक शिक्षित समाज के लिए जाना जाता है क्योंकि इस समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे है चाहे वो शिक्षा होव्यापार हों समाज ऐसे ही संगठित रहे हल्बा समाजिक भवन इस गांव में बने जिसके लिए साढ़े 6लाख रुपए का घोषणा करतीं हूं वही दो महिला समुह को 20.20हजार रुपए देने की घोषणा करतीं हूं। साल्हे के होनहार बिटिया श्वेता ठाकुर ने विधायक सावित्री मंडावी को स्केच पेन्टिंग बनाकर भेंट किया। इस अवसर पर बरखा मानस परिवार कांकेर द्वारा रामायण कथा का पाठ वाचन दोपहर 1बजे शाम 4बजे तक सुनाया गया उनके द्वारा सुनाए कथा को सुनकर लोगों में उत्साह रहा। हल्बा हल्बी समाज द्वारा समाज के होनहार छात्रों एवं नौकरी पेशा में अच्छी मुकाम पाने वालों को समाजिक सशक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बबला पाढी योगेश्वरी आचला शंकर रावटे दुरपत बाई तुलावी धनाजी ठाकुर घसिया राना कृष्ण कोस्मा पारवती बघेल एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को थाना प्रेमनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ᐸ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम ब्रम्हपुर पटेलपारा प्रेमनगर निवासी दिलभरन बिंझिया ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 दिसम्बर को घर के पीछे बाड़ी में पड़ोसी आरोपी सूरज देव टेकाम जिसका कोई संतान नहीं है उसे घासीराम की पत्नी के द्वारा निःसंतान है कहने पर आवेश में आकर लोहे का फरसा से मारकर घासीराम की हत्या कर दिया। सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 140/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रेमनगर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना कर आरोपी सूरज देव टेकाम पिता नार सिंह उम्र 40 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फरसा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को कांग्रेसियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता ᐸ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिला कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के छाया चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं। कांग्रेस नेता और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में देश को ग्रामीण रोज़गार गारंटी कानून (मनरेगा), आदिवासी अधिकार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और OBC के लिए आरक्षण, प्राथमिक शिक्षा, खाद्य सुरक्षा और भूमि अधिग्रहण से संबंधित क्रांतिकारी कानून मिले हैं जिनका लाभ देश के किसानों, गरीबों, मज़दूरों, पिछड़ों, महिलाओं, युवाओं को मिल है। श्रद्धांजलि सभा में विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, प्रवीण डोंगरें, ज्योति कुमार, पुरुषोत्तम सल्लूर, कलाम खान, पुरुषोत्तम खत्री, सुनील उद्दे, प्रवीण उद्दे, राजेश जैन, इदरीस खान, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रामकुमार दुर्गम, रोहित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों के आरक्षण के लिए कार्यवाही स्थगित संशोधित समय सारिणी जारी

**कोण्डागांव।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव हेतु जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच एवं वार्ड पंच के लिए 28 दिसंबर को जिले में आयोजित आरक्षण की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संशोधित समय सारिणी जारी किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी 2025 को, आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन 08 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक, आरक्षण की जानकारी प्रेषित करने की तिथि 10 जनवरी तक, जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी को एवं आरक्षण की कार्यवाही एवं जानकारी प्रेषित करने की तिथि 11 जनवरी 2025 को प्रस्तावित है।

# किरन्दुल में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया गया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ᐸ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में प्रत्येक शनिवार प्रातः स्वच्छता श्रमदान हेतु निर्देशित किया गया हैं।जिसके तहत शनिवार किरंदुल वार्ड क्रमांक 02 स्थित लक्ष्मणपुर कैंप के पास नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई।कृषि विज्ञान केंद्र गीदम प्रमुख प्रवीण कुमार निषाद भी उक्त श्रमदान में शामिल हुए उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा के तहत हमने सफाई कार्य किया तथा स्वच्छता को हमें दिनचर्या में लाना हैं और अपने आसपास गली महोल्ले शहर को साफ रखना हैं।इस दौरान बिलासपुर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन कुमार वर्मा,मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र,सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी उपस्थित रहें।

## क्रेडा के सीईओ राणा ने किया जिले में स्थापित सौर संयंत्रों का औचक निरीक्षण

**कांकेर।** क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा द्वारा कांकेर क्षेत्र में जल जीवन मिशन,पीएमश्री स्कूल योजनांतर्गत स्थापित सौर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। सीईओ राणा ने ग्राम दरगहन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल पंप सयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर ड्यूल पंप कार्यशील और गुणवत्तापूर्ण पाया गया। उन्होंने उक्त संयंत्र से गांव में स्थित घरों तक पानी पहुंचने की जानकारी उपस्थित हितग्राहियों से ली, तदोपरांत विकासखंड चारामा के ग्राम सिरसिदा में स्थापित किए गए सोलर ड्यूल पम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संयंत्र निविदा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पाया गया। सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा निरीक्षण उपरात वहाँ उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि क्रेडा के विभिन्न क्षेत्रों परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जैसे जल जीवन मिशन,सौर सुजला योजना,सोलर हाईमास्ट संयंत्र,सोलर पावर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों की स्थापना निविदा के मापदण्ड के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए कार्य समय पर पूर्ण कराएं। ज्ञात हो कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतो के क्रियान्वयन हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है।

## पहचान बताने वाले को पुलिस देगी रूपये 10,000 का इनाम

पायनियर संवाददाता ᐸ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के पस्ता थाना अंतर्गत 3 सितंबर 2023 को ग्राम बासेन कोदोडीपा जंगल पंडरी नाला स्टाप डेम में एक अज्ञात महिला कि लाश मिली थी जिसका उम्र 30 से 35 वर्ष के लगभग की है। जिसका चेहरा पत्थर से कुचल दिया गया है हत्यारे ने अपने बचाव के लिए हत्या कर लाश को डैम में फेंक कर फरार हो गया है ऐसा पुलिस का मानना है पुलिस ने अपराध क्र.53/2023 धारा 302 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद करने के उपरांत हत्यारे की तलाश में जुटी हुई है। लेकिन अभी तक बरामद लाश की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात महिला मृतिका का हुलिया लंबाई 04 फिट 10 इंच,रंग सांवला,पतला शरीर,बाल काले लंबे,उम्र करीब 30-35 वर्ष,मेहरून कलर का सलवार समीज,गले में काला माला व बाजारू मंगल सूत्र नाक में छुछीया,बायां कान में सफेद रंग का टप्स पहनी है। इसकी पहचान करने वाले व्यक्ति को पुलिस अब रुपए 10,000 इनाम देने की घोषणा की है ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके। पहचान करने वाले का नाम गुप्त रखने की भी बात कही गई है। पहचान बताने वाले की सुलभता के लिए कुछ फोन नंबर भी जारी किए गए हैं जिनको उक्त महिला के बारे में पता चले तो इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं। थाना प्रभारी पस्ता 8319343762,पुलिस कंट्रोल रूम बलरामपुर 7354440006,पुलिस अधीक्षक बलरामपुर 9479193800 को सूचित कर सकते है।

## प्रिंटिंग प्रेस और आकाशवाणी का जाना कार्यप्रणाली

# मीडिया के विद्यार्थियों ने बस्तर का किया शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ᐸ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के बीए(पत्रकारिता एवं जनसंचार) के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय बस्तर का शैक्षणिक भ्रमण किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली, उपासना निषाद, नानिगोपाल बाला के नेतृत्व में 45 विद्यार्थियों का भ्रमण दल ने बस्तर के पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों के साथ ही ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी जगदलपुर, पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस का भी भ्रमण किया। सर्वप्रथम दंतेवाड़ा की माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर भ्रमण की शुरुआत किए। मंदिर से संबंधित ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियां भी प्राप्त की। वहीं बहने वाली शंखनी एवं डंकनी नदियों से 35 किमी दूर तीरथगढ़ जलप्रपात का एवं चित्रकूट जप्रपात के साथ-साथ प्रसार भारती से संचालित आकाशवाणी व पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस जगलपुर का भ्रमण किया। यह शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के दिशानिर्देश में हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों को विषय से संबंधित प्रायोगिक जानकारी मिलती है। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में लाभ मिलती है।

सभी विद्यार्थियों को आल इंडिया रेडियो स्टेशन आकाशवाणी के प्रसारण कक्षों से कार्यक्रमों का संचालन कैसे किया जाता है, कैसे होता है, कैसे प्रोग्राम एवं समाचार रिकार्ड होता है, कैसे रेडियो के माध्यम से सुन पाते हैं। इन सभी के बारे में रेडियो प्रसारण कक्ष में रेडियो प्रसारण अधिकारी ने जानकारी दिए। साथ देशभक्ति गीत, भजन, कहानियां, पुस्तक वाचन की विभिन्न विधाओं में हिंदी, छत्तीसगढ़ी, गोंडी और अंग्रेजी भाषाओं में अपनी प्रस्तुति बहुत ही रोचक तरीके से देकर विद्यार्थियों को स्टूडियों में जानकारी दी। जिसके लिए विद्यार्थियों ने आकाशवाणी प्रमुख ऋषि का धन्यवाद भी किया।

वही विद्यार्थियों ने प्रिंट मीडिया से संबंधित पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस का भी शैक्षणिक भ्रमण किया। पत्रिका के संपादक मनीष गुप्ता एवं प्रिंटिंग प्लांट अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रिंटिंग प्रेस के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की, उन्होंने पीडीएफ फाइल को कैसे अख़बार में बदला जाता है इसकी पूरी प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर करके बताया साथ ही नित्य हो रहे बदलाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों के लिए अखबार छपने से लेकर पाठकों तक पहुंचने की प्रक्रिया जानना निःसंदेह आश्चर्यजनक था। पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासा, उत्सुकता और ललक देखने लायक थी। विद्यार्थियों के लिए यह अनूठा अनुभव था। भविष्य में यह ज्ञान पत्रकारिता के इन विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाने में निश्चित ही मददगार होगा। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के मीडिया विभाग के सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार से मुलाकात कर पत्रकारिता एवं जनसंचार पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त किए। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण मीडिया के विद्यार्थियों को पत्रकारिता एवं समाचार पत्र की आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक से परिचय कराना था। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से भ्रमण कराया गया है। निश्चित ही यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में मददगार साबित होगी।

## क्वीक न्यूज

### भीरागांव में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भीरागांव में शनिवार 28 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है। ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन व नवीनीकरण के लिए श्रमेय जयते मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाइट या च्वॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के दूरभाष नम्बर 0771-3505050 पर संपर्क किया जा सकता है।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण कार्यवाही की तिथि स्थगित

**कांकेर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वार्ड पंचों के आरक्षण की कार्यवाही किए जाने हेतु पूर्व में सूचना जारी की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर द्वारा पूर्व में जारी समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय-सारणी जारी की गई है। उक्त नवीन समय-सारणी के अनुसार आरक्षण की कार्यवाही की सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

### पीएम आवास के निर्माण कार्यों में लायें तेजी : नम्रता जैन

**सुकमा ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत कोंटा और छिंदगढ़ के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु रणनीतियां तैयार करने और स्थायी विकास के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया। श्रीमती नम्रता जैन ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में तत्परता दिखाने के निर्देश दिए। बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित माओवादियों की आवास सर्वे रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई।उन्होंने शीघ्र लंबित दस्तावेजों को उपलब्ध कराके निराकृत करने के निर्देश दिए जिससे पात्र हितग्राही सही समय में शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत सर्पदंश से मृत्यु के 3 प्रकरणों में से मृतक मंगरू कुड़ियम के निकटतम वारिस उनके भाई अशोक कुड़ियम निवासी ग्राम चिन्गेर, मृतक मंगल राम वाचम के निकटत वारिस उनके भाई वाचम डुन्डा निवासी ग्राम एड़कापल्ली एवं मृतिका कुमारी नीला माड़वी के निकटतम वारिस उनकी माता गुप्पे माड़वी निवासी ग्राम डालेर प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए कुल तीन परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### वीर बाल दिवस का जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बीजापुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में जिले के चारों विकासखण्ड के कुल 92 प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न आयु वर्ग अनुसार बच्चों को भारत के लिए मेरा सपना, मुझे क्या खुशी देता है, राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण, विषयों पर चित्रकला, निबंध, कविता, वाद-विवाद, डिजिटल प्रस्तुती, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित किये गये। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में प्रभाकर शर्मा प्राचार्य सेजेस हिन्दी माध्यम विद्यालय बीजापुर एवं सरिता दुब्बा, प्राचार्य डाईट बीजापुर ने गुरू गोविंद सिंह दोनों बेटों के बलिदान एवं वीर बाल दिवस मनाने के संबंध में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उक्त प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया गया। भाग लिये सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

# श्री रामकथा का चतुर्थ दिवस : राम सीता विवाहोत्सव का भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार में स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय दिव्य संगीतमयी श्री रामकथा में चतुर्थ दिवस पर शुक्रवार को श्री सीताराम विवाहोत्सव का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे सुप्रसिद्ध कथा वाचिका, मानस विदुषी देवी चन्द्रकला ने अपने दिव्य वाणी से संजीव कर दिया। इस अद्वितीय धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम की कथा का रसपान किया।

### कथा वाचन

अयोध्याधाम से पधारी सुप्रसिद्ध मानस विदुषी देवी चन्द्रकला ने कथा के माध्यम से श्री राम-सीता विवाह के अलौकिक प्रसंग का वाचन किया। उन्होंने कथा में राजा जनक के दरबार से लेकर शिवधनुष भंग और विवाह प्रसंग तक का वर्णन किया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम ने शिवधनुष को तोड़कर अपने कर्तव्य और मर्यादा का पालन किया। इस आयोजन में हजारों भक्तजन उपस्थित हुए, जिन्होंने श्री रामकथा का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाली सजीव झांकियां राम-विवाह का मंचन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। पंडाल में हर तरफ जयश्रीराम के जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्तिभाव में झूम उठे।

### विशेष आकर्षण

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सपरिवार उत्साहित हो झूमे नाचे.., छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करती हुई राम-सीता विवाह की झांकी का भक्तों ने आनंद उठाया। कलाकारों द्वारा विवाह की रस्मों का सजीव मंचन एवं स्वागत गीत और विवाह के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति की गई। पंडाल में जयश्रीराम के गगनभेदी जयघोष और भक्तों का अपार उत्साह उमड़ पड़ा।

### विशेष अतिथि

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, व्यास कश्यप विधायक जांजगीर, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं पूर्व विधायक एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े विशेष रूप से शामिल हुए। साथ ही बलौदा बाजार कलेक्टर दीपक सोनी भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे धार्मिक और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रतीक बताया।

### समापन

श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस पर बलौदा बाजार में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक समरसता का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावना को जागृत किया, बल्कि समाज को मर्यादा और आदर्शों पर चलने का संदेश भी दिया।

### आगामी कार्यक्रम

आयोजन समिति ने बताया कि रामकथा के अगले तीन दिनों में और भी दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी भक्तों से इस अनमोल अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# जिले में दो नवीन थाने की मिलेगी सौगात

## न्याय मिलेगा और अपराधियों में लगेगा लगाम : सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 14 जिले में 14 नवीन थाना के लिए आये प्रस्ताव को भेज कर थाना के लिए स्वीकृति प्रदान करने मनीष शर्मा पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा सभी 14 जिलों के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर तीन बिंदुओं में जानकारी मंगवाई गई है। जिसमें महासमुंद जिला से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया के प्रयास से सरायपाली विधानसभा के ग्राम बड़े साजापाली व बसना विकासखंड के ग्राम गढ़फुलझर को नवीन थाना के लिए स्वीकृति प्रदान करने प्रस्ताव बना कर भेजा गया है। बता दें वर्तमान में सरायपाली विधानसभा में तीन थाना सरायपाली, सिंघोड़ा, बलौदा और एक चौकी भंवरपुर आते हैं, जिसमें एक मात्र भंवरपुर चौकी बसना थाना के अंतर्गत आता है। अगर बड़े साजापाली को थाना की स्वीकृति मिलती है तो सरायपाली विधानसभा में चार थाना और एक चौकी हो जाएंगे। दिए गए नवीन थाना के लिए आए प्रस्ताव के आधार पर तीन बिंदुओं में उप पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक को जानकारी मांगी गई है जिसमें नवीन पुलिस थाना मूल थाना तथा सीमावर्ती थाना से कितनी दूरी है,विगत 3 वर्षों में मूल थाना में घटित अपराधों की वार्षिक संख्या वर्ष वार, मूल थाना से पृथक कर जिन क्षेत्रों से नवीन थाना प्रस्तावित है उन क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों में घटित अपराधों की संख्या प्रतिशत आदि की जानकारी उप पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय को उपलब्ध करवाने पत्र प्रेषित किया गया है। सरला कोसरिया ने आगे कहा कि अगर बड़े साजापाली में नवीन थाना स्वीकृत होता है तो अपराधों में कमी आयेगी। बड़े साजापाली क्षेत्र आसपास के दर्जनों गांव का मध्य स्थित है जो एक थाना के लिए योग्य स्थान है, इसलिए आसपास के दर्जनों गांव की मांग अनुरूप बड़े साजापाली को थाना के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है और उम्मीद है कि बहुत जल्द बड़े साजापाली और बसना के गढ़फुलझर में नवीन थाना की सौगात मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार के द्वारा दी जाएगी। जिससे लोगों को अब थाना के लिए लंबी दूरी तय करना नहीं पड़ेगा नजदीक में ही उन्हें न्याय मिलेगा और अपराधियों में भी लगाम लगेगा।

# कोटपा एक्ट को लेकर विकास खंड समन्वय समिति की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे की अध्यक्षता लिया गया, जिसमें एसडीएम ने बताया कि कोटप्पा एक्ट धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान निषेध है तथा धारा 6 के तहत ऐसे क्षेत्र में जो किसी शैक्षणिक संस्थान की 100 गज की परिधि में हो तंबाकू उत्पाद का बिक्री नहीं किया जाना है ऐसे किए जाने पर 200 का जुर्माना लगाया जा सकता है एवं जुर्माना नहीं पटाने पर उसे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना पड़ सकता है इसी कड़ी में नशा मुक्ति अभियान के लिये सभी विभाग में तंबाकू के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरुकता लाने हेतु कार्यालय में पोस्टर लगवाएं तथा स्कूल व हॉस्पिटल से 100 गज की दूरी के अंतर्गत किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद बेचने व उपयोग करने वाले व्यक्ति व व्यापारी पर चलानी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी विभाग प्रमुख को नशा मुक्ति अभियान में समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने हेतु कहा गया। उक्त मीटिंग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार हालदार, तहसीलदार श्रीधर पंडा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी, विकास खंड कार्यक्रम प्रबन्धक शीतल सिंह, परियोजना अधिकारी गेंदराम नारंग व आदिम जाति कल्याण विभाग से अजय माधवन उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने दी।

# थाने की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रदेश महामंत्री का नगर पंचायत आमदी ने माना आभार



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश में जबसे विष्णुदेव की सरकार चल रही तब से विकास साय साय चल रही जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 मुख्य बजट के अंतर्गत नवीन पुलिस थाना की स्वीकृत करने हेतु नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमंत माला सहित तत्कालीन भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, अमन राव, कोमल यादव ने प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा ने तत्काल अपने साथ प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के पास विगत दिनों मांग रखी जिसे त्वरित पूर्ण करते हुए आमदी नगर पंचायत में थाना खोलने का आदेश जारी कर दिया जिससे रामू रोहरा का धमतरी विधानसभा अपितु पूरे प्रदेश में विकास के कटिबद्ध है। हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, मुरारी यदु निवृत्तमान मंडल अध्यक्ष, अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी, कोमल यादव महामंत्री, तेजराम साहू, खिलेश्वरी किरण ने आभार व्यक्त किए।

# आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान कर रही प्रथम लाइवलीहुड ट्रेनिंग सेंटर : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रथम लाइवलीहुड ट्रेनिंग सेंटर धमतरी में बैच नं. 56 के 20 स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण पश्चात् ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऑफर लेटर वितरण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं रंजना डीपेंद्र साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू एवं जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, संजय कुमार द्वारा मां सरस्वती पूजन वंदन के साथ प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान छात्राओं द्वारा किया गया। रंजना साहू ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किए। साथ ही विशेष रूप से नारी शक्ति छात्राओं को आत्म निर्भर बनने का संदेश दिया। 21वीं सदी महिलाओं की है, इसके लिए सबसे अधिक जागरूकता की आवश्यकता है। रंजना साहू के साथ छात्राओं ने बारी बारी से अपना अनुभव साझा किया। तत्पश्चात सभी छात्राओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। ऑफर लेटर प्राप्त कर कुछ स्टूडेंट्स भावुक दिखे। छात्राओं का प्लेसमेंट हैदराबाद, राजमंडरी, एलुरु, कुर्नूल में हुआ है। कार्यक्रम में प्रशिक्षित स्टूडेंट्स के पालको के आने से कार्यक्रम और अधिक शोभायमान हुआ। कार्यक्रम का समापन संजय कुमार प्रशिक्षक द्वारा अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए किया गया। इस अवसर पर सेंटर हेड हेमा साहू, प्रोग्राम ऑफिसर ललित साहू, प्लेसमेंट एसोसिएट भानू साहू, अनीता साहू, जसविंदर साहू सहित समस्त ब्यूटी स्टाफ उपस्थित थे।

# वीर बाल दिवस साहिब जादों की वीरता को भाजपा जनों ने किया नमन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के नन्हे साहिबजादों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस पूरे देश और प्रदेश में श्रद्धा और आदर के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के स्थानीय गीता भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सिक्ख समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह आहूजा, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तर सिंह नायक, विपिन उबोवेजा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, स्वर्ण सिंह सलूजा मंचासीन थे। धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और आदेश से इस बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मान्यता दी गई। उन्होंने कहा, वीर साहिबजादों ने छोटी आयु में धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका यह बलिदान हमें प्रेरणा देता है कि अन्याय और अत्याचार के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। साहिबजादों ने अपनी शहादत से यह संदेश दिया कि धर्म और स्वाभिमान के लिए किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में वीर बाल दिवस का आयोजन 26 दिसंबर को कर रही है। आज तक के इतिहास में कभी ऐसी निर्मम घटना देखने को नहीं मिली, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 9 साल और 7 साल की उम्र में शहादत दी जिससे इतने सालों बाद भी भारत के लोग याद करके रोते हैं।

# मानव जीवन की प्राप्ति सेवा, परमार्थ के लिये होती है : कविता योगेश बाबर



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम सेमरा बी में गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन समिति सभापति जिला पंचायत कविता योगेश बाबर थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करके किया गया। बाबर ने जिला पंचायत मद से ग्रामवासियो की मांग पर जैतखाम सौंदर्यीकरण हेतु राशि दी उसका लोकार्पण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए बाबर ने समस्त सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि बाबा का जन्म छत्तीसगढ़ के गिरौदपूरी गाँव में हुआ था। वे एक अत्यंत ग़रीब परिवार में पैदा हुए। उन्होने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया एवं सतनाम संप्रदाय की स्थापना की सतनाम पंथ का उन्हें संस्थापक माना जाता है। उन्होंने अपने जीवन काल में कम उम्र में पशुओं की बली एवं छुआछूत की खिलाफ़त की। उन्होने यह संदेश दिया कि सतनाम धर्म को मानो जो की सनातन धर्म का ही प्रारूप है, सतनाम धर्म प्रत्येक मानव को मानव का स्थान देता है। यहाँ न कोई छोटा है न बड़ा है। सभी जन एक समान रह कर ही अपने जीवन को सफ्ल बना सकते हैं। मनखे मनखे एक समान का नारा भी बाबा जी ने दिया। इस अवसर पर सरपंच राधिका केशव साहू, नंदन गंगेले, राजेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कार्तिक निषाद, लोचन पटेल, पूरण जांगड़े, ज्ञानेश्वर जांगड़े, रामचंद महिपाल, भरत मल्होत्रा, युवराज जांगड़े, लक्ष्मण गंगेले एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी की कहानी का प्रसारण



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

आकाशवाणी रायपुर से डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी 'क्षितिज तक जाती नज़रें' का प्रसारण 10 बजे पल्लवी कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। कहानी 'क्षितिज तक जाती नज़रें' पिंजरे में बंद पक्षी के माध्यम से स्त्री जीवन के बंधन और उन बंधनों में रहते हुए भी क्षितिज तक उड़ने की लालसा और विश्वास की कहानी है। उड़ पाने की बलवती इच्छा पक्षी के परों की तरह, स्त्री की आशाओं में भी आसमान छू पाने का सामर्थ्य पैदा करती है और एक दिन वही सामर्थ्य उसे पिंजरे के बंधन से मुक्त कर देता है। गौरतलब हो कि इसके पहले भी डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी 'चूड़ीवाला पिता' का प्रसारण जुलाई 24 में प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर द्वारा हो चुका है। वे वर्तमान में स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक हैं। उनकी कविताओं, लघुकथाओं और कहानियों का प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक पत्रिकाओं में निरंतर होता रहता हैं।

## नवीनीकरण हेतु पंजीयन 31 दिसम्बर तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुये 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, वे आगामी 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाईल एप्प/ मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र/ विभागीय वेबसाईट अथवा च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के बाद ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मुख्यमत्री श्रमिक सहायता केन्द्र 0771.3505050 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शैलेन्द्र नायक का मण्डी सचिव कनिष्ठ के पद पर चयन



**भंवरपुर।** बरतियाभांठा निवासी शैलेन्द्र नायक का मण्डी सचिव कनिष्ठ के पद पर चयनित होने के उपरांत पिथौरा में पदस्थापना होने पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। विदित हो कि बसना ब्लाक अंतर्गत ग्राम बरतियाभांठा निवासी शैलेन्द्र नायक ने इसका श्रेय पिता नीलकंठ नायक, माता सुभद्रा नायक एवं गुरुजनों को देते हुए बताया है कि यह चयन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 25 फरवरी 2024 को सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ एवं सचिव कनिष्ठ पद के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा एवं कृषि विपणन बोर्ड द्वारा आयोजित साक्षात्कार पश्चात सचिव कनिष्ठ के पद पर पदस्थापना कृषि उपज मंडी समिति पिथौरा में हुई।

# भू-माफियाओं को प्रशासन का नहीं है डर, चारों ओर चल रहा अवैध प्लाटिंग का खुला खेल

## वरिष्ठ अधिकारियों के निवास जाने वाले मार्ग के सामने भी चल रहा अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



सख्त कार्यवाही के अभाव में शहर एवं आसपास के अंचलों में जिस प्रकार अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास किया जा रहा है, उस पर कार्यवाही नहीं होना संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली को उजागर करता है। धमतरी दौरे पर आये मंत्री, सांसद ने भी अवैध विकास को लेकर नाराजगी जताते हुए ऐसे लोगों पर ठोस कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया था। लेकिन उनके कहने के बाद भी अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अब यही माफिया कलेक्टर, एसपी बंगला जाने वाले मार्ग के ठीक सामने अवैध प्लाटिंग धड़ल्ले से कर रहे हैं। यहां से प्रतिदिन अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन कृषि भूमि के स्वरूप को बिगाड़कर बिना अनुमति के प्लॉट निकालने पर संबंधित पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। शहर के अंदर विभिन्न वार्डों में अवैध विकास, अवैध प्लाटिंग की लगातार शिकायतें जिला प्रशासन को मिलती हैं। शिकायतकर्ताओं द्वारा मीडिया को भी इसकी जानकारी दी जाती है। इसका प्रकाशन भी होता है। यहां तक धमतरी प्रवास पर पहुंचे मंत्री, सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भी इसकी शिकायत की गई परंतु अवैध विकास करने वालों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है जिससे इनके हौसले बुलंद हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक से रूद्री तक अनेक ऐसे स्थल हैं जहां अवैध विकास किया जा रहा है। बड़ी-बड़ी भवनें बन रही हैं। यह सब बिना अनुमति के हो रहा है। पूर्व में भी नगर निगम से एक व्यक्ति कृषि भूमि पर बाउंड्रीवॉल बनाने के नाम पर अनुमति प्राप्त किया और उसने बकायदा होटल निर्माण कर लिया। इसी तरह अनेक ऐसे मकान इस सड़क पर निर्माणाधीन हैं। इसे लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने तमाशा देख रहे हैं जबकि दूसरे जिले में ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ न सिर्फ कार्यवाही की गई बल्कि एफआईआर भी दर्ज कराया गया है।

जिले के अंदर ऐसे स्थान भी हैं जहां लंबे चौड़े भूभाग पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। करेठा, कोलियारी, हरफतराई जैसे इलाके में भी अवैध विकास हो रहा है। अवैध विकास एवं अवैध प्लाटिंग की खबर जागरूक नागरिकों के द्वारा संबंधित विभाग को दी गई। मीडिया में भी उन्होंने जानकारी दी। यहां तक पिछले माह धमतरी दौरे पर आये मंत्री, सांसद को भी इसकी जानकारी दी किंतु न तो शिकायत पर कोई कार्यवाही की जा रही है और न ही मंत्री और सांसद के निर्देश का पालन किया जा रहा है जिससे भाजपा की छवि खराब हो रही है। नागरिकों में यह धारणा जगी थी कि पूर्ववर्ती सरकार के समय रेत, चांवल, भू-माफियाओं के पौ-बारह थे जिन पर उक्त सरकार से जुड़े अधिकारी मेहरबान थे। लाखों, करोड़ों रूपये की रॉयल्टी चोरी की गई। जगह-जगह अवैध कालोनियों का निर्माण हो गया। पीडीएस चांवल की अफरा-तफरी फल-फूल रही है। ये सभी बातें नई सरकार के आने के बाद समाप्त होंगी। लेकिन उनकी यह धारणा गलत साबित हुई और लगभग एक वर्ष हो गये हैं, इस सरकार के अधिकारी भी उपरोक्त शिकायतों पर कोई ध्यान न देकर अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे लोगों को प्रश्रय दे रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार संभालते ही प्रदेश के सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने के लिये कार्य करने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि सुशासन समूचे प्रदेश में दिखना चाहिये। मुख्यमंत्री के इस निर्देश का विभिन्न जिलों में सख्ती के साथ पालन किया जा रहा है और ऐसे भ्रष्टाचार करने वालों पर नकेल कसी जा रही है। लेकिन धमतरी ही ऐसा दुर्भाग्यशाली जिला बन गया है जहां रेत, चांवल, भूमाफियाओं के अवैधानिक कृत्यों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे पूरा-पूरा मिलीभगत का पता चलता है। आगामी महीनों में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संभावित है। ऐसे समय में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में चल रहे इस प्रकार के भ्रष्टाचार और उन पर कार्यवाही नहीं होने की बात को जिले के नागरिक गंभीरता से देख रहे हैं। यदि समय रहते इन पर कार्यवाही नहीं होती है तो इसका असर चुनाव में भी पड़ सकता है। गौरतलब रहे कि जिले के दो बड़े अधिकारी के निवास जाने वाले मार्ग के सामने स्थित कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग धड़ल्ले से चल रही है। इसे देखकर भी संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अब देखना है कि रियल एस्टेट प्राधिकरण रेरा जिसमें पंजीयन के बिना कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता, यह विभाग अब तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही भूमाफियाओं पर नहीं किया है, वह अब क्या कार्यवाही करता है।

# आम जनजीवन से लेकर समाज के हर हिस्से में होना चाहिए नैतिकता का समावेश : अरोरा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com




भिलाई स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस-3) विभाग की जनरल मैनेजर पुष्पा एंब्रोस की पहली पुस्तक 'फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस' का विमोचन किया गया। अंग्रेजी में लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन बीएसपी के पूर्व कार्यकारी प्रमुख विनोद कुमार अरोरा व उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने किया। पुस्तक का हिंदी में अनुवाद भी शुरू हो चुका है। केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्तकर्ता लेखिका पुष्पा एंब्रोस ने अपनी इस किताब में संस्थागत स्तर पर कार्यस्थल और आम जनजीवन में नैतिकता से जुड़े विभिन्न उदाहरणों का उल्लेख करते हुए इनका सटीक तौर पर विश्लेषण किया है। आयोजन में मुख्य अतिथि विनोद कुमार अरोरा ने कोक ओवन विभाग में उनके अधीनस्थ अफसर रही लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस के व्यक्तित्व पर अपनी बात रखते हुए कई मिसालें दी। उन्होंने बताया कि कैसे उनके विभाग में एक हादसे के दौरान पुष्पा एम्ब्रोस पूरी मुस्तैदी से कार्यस्थल पर डटी हुई थी। उन्होंने कहा कि आम जनजीवन से लेकर समाज के हर हिस्से में नैतिकता का समावेश होना चाहिए और सटीक उदाहरणों के माध्यम से लेखिका ने अपनी किताब में इसे बखूबी उकेरा है।आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित फादर जॉन जेवियर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, सीओसीसीडी के पूर्व सीजीएम राजीव श्रीवास्तव, पत्रकार एवं लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन तथा फादर साबू ने भी लेखिका के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार भी रखे। समारोह में लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस ने बताया कि उन्हें पुस्तक लिखने की प्रेरणा दिवंगत माता-पिता ग्रेसी चेरियन और के. जे चेरियन से मिली। शुरुआत में अपने अच्छे-बुरे अनुभवों को लिखा। करीब बीस पन्ने लिखने के बाद उन्हें लगा कि इसे यहीं छोड़ देना चाहिए, क्योंकि वे जॉब में हैं। इसी बीच उनकी माता गुजर गईं और उन्होंने लिखने का विचार त्याग दिया। फादर जॉन ने उन्हें सलाह दी कि वे दिवंगत माँ को श्रद्धांजलि देने के रूप में लेखन जारी रखें। उन्होंने दोबारा लिखना शुरू किया, इस तरह यह पुस्तक पूर्ण हुई। लेखिका ने संपूर्ण रचनाक्रम में अपने पति ज्यूड फ्रांसिस के विशिष्ट योगदान का भी उल्लेख किया। आयोजन में बीएसपी कर्मी प्रदीप मेनन ने लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस को समर्पित कविता प्रस्तुत की। शुरूआत में स्वागत भाषण रिचर्ड एम्ब्रोस ने दिया। वहीं डोमिनिक मार्टिन, एस. रानी, एस. ज्योति एवं बिन्नी डेनियल ने स्वागत गान 'शावर्स ऑफ ब्लेसिंग्स' प्रस्तुत किया। समारोह में बीएसपी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में पदस्थ डॉ. रूचिर भटनागर, सीईडी के मंडा गुरुनाथ और जोशुआ फर्नांडिस ने शानदार फिल्मी नगमे पेश किए। संचालन एलडीसीपी के महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले ने किया। स्टील क्लब के सेक्रेटरी डी विजित ने भी विशेष सहयोग दिया। पुस्तक में कार्यस्थल पर नैतिकता, नैतिक नेतृत्व, नैतिक संस्कृति का निर्माण, नैतिक संचार, कार्यस्थल संबंध और नैतिकता, नैतिकता और प्रौद्योगिकी समेत 15 आलेखों का संग्रह किया गया है, जिनमें उल्लेखित सभी उदाहरण जीवंत हैं। अपनी पुस्तक का जिक्र करते हुए लेखिका ने बताया कि इसमें उन्हीं बातों को शामिल किया गया है, जो कहीं न कहीं घटी हैं। पुस्तक में उन सभी पहलुओं को शामिल किया गया है, जो ऑर्गनाइजेशन को सुचारू और सफलतापूर्वक चलाने में कारगर हों। सैद्धांतिक रूप से संस्था कैसी होनी चाहिए, उसका प्रभावी तरीके से विश्लेषण पुस्तक को पठनीय बना देता है। लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस ने बिना लाग लपेट के कहा कि हम बच्चों को बड़े-बड़े सपने दिखाते हैं, पर उन्हें साकार करने में हमसे चूक हो जाती है। इसकी वजह है, बच्चों के मूल्यांकन में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता की कमी। कभी-कभी ऐसा भी देखने को मिला है कि कार्यक्षेत्र में पैदा हुए आपसी मतभेदों का साया रिपोर्टिंग पर भी पड़ता है। उनका कहना है कि भले ही मतभिन्नता हो, मगर रिपोर्टिंग निष्पक्ष और पेशेवर होनी चाहिए। हमारा नेतृत्व कैसा हो, इसके लिए उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ की मिसाल भी दी कि कैसे वे कंपनी की नीतियों और कार्य संस्कृति को स्वयं पर भी लागू करते हैं।

# कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना: उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी को मिला राज्य में प्रथम स्थान



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड धमधा के अंतर्गत संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी को कायाकल्प योजना अंतर्गत छ.ग. राज्य में संचालित शासकीय अस्पतालों में सफाई प्रबंधन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोगी सेवा में सुधार हेतु स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत, स्वच्छ अस्पताल योजना में किये गये कार्यों के आधार पर वर्ष 2023-24 के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र की श्रेणी में राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार मिला है। विगत दिवस मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और एक लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी में पदस्थ सीएचओ दीपशिखा यादव, आरएचओ प्रतिम चंद साहू, आरएचओ अंबिका सिन्हा के द्वारा कायाकल्प योजना के मानकों के अनुरूप कार्य कर उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया गया। इस कार्य में जिले की समस्त टीम जिला क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. खण्डेलवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, डॉ. रश्मि भोसले, डॉ. नेहा राजपूत, शोभिका गजपाल, प्रीतिका पवार, संभागीय सलाहकार कविता चंद्राकर तथा विकास खण्ड धमधा से खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.पी. ठाकुर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ऋचा मेश्राम का समर्पित योगदान रहा।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में तीन कार्यों के लिए 15.69 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 03 कार्यों के लिए 15 लाख 69 हजार 390 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पुरई में सीसी रोड वार्ड-02 कमलू किराना स्टोर से बरगद वृक्ष तक के लिए 6 लाख 09 हजार 763 रूपए, ग्राम घुघसीडीह में सीसी रोड भागवत ठाकुर घर से शीतला तालाब तक के लिए 5 लाख 99 हजार 767 रूपए, ग्राम खम्हरिया में सीसी रोड टीका साहू घर से डोमन साहू घर तक के लिए 3 लाख 59 हजार 860 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## पंचायत आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत निर्वाचन 2024-25 के दौरान आरक्षण हेतु आम सूचना के माध्यम से समय सारणी जारी की गई थी। 27 दिसम्बर 2024 को पूर्व में जारी समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय सारणी जारी की गई है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में पूर्व में जारी समय सारणी अनुसार आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर दिया है। आरक्षण कार्यवाही हेतु नवीन समय सारणी पृथक से आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

## आपदा से पीड़ित परिवार को सहायता राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनसुार ग्राम खेदामारा निवासी विकास यादव की मृत्यु 02 नवम्बर 2022 को नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। इसी प्रकार इंदिरा नगर हथखोज निवासी मंजू देवी की मृत्यु 09 अक्टूबर 2021 को आग में जलने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा मृतक विकास यादव के पिता कुमार यादव को और मृतिका मंजू देवी की पति गोविंद कुशवाहा प्रत्येक को 04-04 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

## निर्माण श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हो गई है। पंजीयन वैधता समाप्त हुए श्रमिक 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे निर्माण श्रमिकों को 31 दिसम्बर 2024 तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाईल एप्प/मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र विभागीय वेबसाईट/च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा 31 दिसम्बर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र 0771-3505050 में संपर्क कर सकते हैं।

# पतंग दुकानों की अब खैर नही, चायनीज व नाइलोन डोर बेचा तो होगी सीधे कार्रवाही

## पतंग विक्रेताओं की दुकान पर चलाया चैकिंग, चाइना डोर बेचते मिले, नगर निगम ने किया जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पतंग विक्रेता की दुकानों पर चलाया चैकिंग अभियान।कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन राजस्व विभाग टीम की टीम एक्शन में आया। मौके पर शहर के पतंग दुकानों पर आकस्मिक पहुंच जांच की,पतंग दुकानों से चायनीज व नाइलोन का मांझा (डोर)जब्त कर कार्रवाही किया जा रहा है।निगम प्रशासन की कार्रवाही से दुर्ग शहर में अब नायलॉन चाइनीज मांझा का कहर नही रहेगा है। निगम टीम शहर क्षेत्र के बाजार क्षेत्रो सहित गली मोहल्ले में घूम-घूमकर दुकानों में जाकर नायलॉन चाइनीज मांझा की चैकिंग कर रही है, चैकिंग के दौरान जिस दुकान में अगर चाइनीज मांझा पाए जाते,तत्काल जब्त के साथ जुर्माना की कार्रवाही की जा रही है।बता दे कि दो दिन पूर्व चायनीज मांझे से एक 36 वर्ष व्यक्ति की चाइना डोर से गला कट जाने के बाद उन्हें भिलाई स्थित स्पर्श अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया. दो दिन आईसीयू में मौत से जंग जीतने के बाद युवक अभी खतरे से बाहर है।जानकारी के मुताबिक युवक की हालत सामान्य है।हादसे के बाद कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सभी जिले के निकाय क्षेत्र के पतंग विक्रेता दुकानों में जाँच करने के आदेश दिये गए हैं. उन्होंने कहा चायनीज मांझे बिक्री जहाँ भी हो रही है ज़ब्ती करें। आगामी दिनों मे पतंगों का त्यौहार मकर संक्रांति मनाया जाएगा। इसके चलते पतंग अभी से उड़ाई जा रही है। ऐसे में हर साल की तरह इस बार भी बाजार में चायना डोर के विक्रय पर प्रतिबंध है। निगम प्रशासन पतंग विक्रेताओं के पास पहुंचकर चेकिंग कर रहे हैं कि कहीं चायना डोर तो नहीं बिक रही।पतंग बेचने वाले व्यापारियों की दुकानों के अंदर चेकिंग की जा रही हैऔर व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि अगर चाइना डोर बेचते हुए पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दुकान दरों को समझाइस दिया गया चाइनीस मांझा एवं नॉट फॉर सेल मंजा, इंडस्ट्रीज युस धागा का उपयोग न करने का समझ ही दिया गया एवं आगामी गुमास्ता कैंसिल दुकान को सील बंद की प्रक्रिया की जावेगी।

# जिला दण्डाधिकारी ने किया दो बदमाशों का जिला बदर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त मो. इमरान और तेजिंदर सरदार को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में मोहम्मद इमरान पिता मो. गुफरान निवासी इमामबाड़ा कैम्प 02 शीतला मंदिर के पास भिलाई थाना छावनी तहसील व जिला दुर्ग और तेजिन्दर सरदार उर्फ टोनी सरदार पिता गुरूचरण सिंह शाकिन पचरीपारा दुर्ग हाल मुकाम गुरूद्वारा के पास संतराबाड़ी दुर्ग थाना मोहन नगर तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 23 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना मो. इमरान एवं तेजिन्दर सरदार प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी मोहम्मद इमरान पिता मो. गुफरान थाना क्षेत्र छावनी का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना छावनी में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 18 प्रकरण दर्ज है। इसी प्रकार तेजिन्दर सरदार भी थाना दुर्ग क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना दुर्ग और थाना मोहननगर में विभिन्न अपराधिक गतिविधियों से संबंधित 9 प्रकरण दर्ज है। ये दोनों अत्यंत क्रूर प्रवृत्ति के है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है। इनके द्वारा गुण्डागर्दी, मार-पीट, अवैध रूप से सट्टा खिलाने, वाहनों की चोरी तथा हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त होने का कार्य करते है। इनके कृत्यों में आस-पास के अपराधिक प्रवृति के लोग भी सम्मिलित होते है। जिससे इनके हौसला दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इनके अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण एवं अंकुश लगाना जरूरी हो गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त मोहम्मद इमरान और तेजिन्दर सरदार को 01 वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया हैं।

# अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे आश्रितों के लिए, दावा आपत्ति सूची सूचना पटल में किया चस्पा




पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति की तैयारी चल रही है। समिति की अगली बैठक में इस पर मुहर भी लग सकती है। अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे 49 पात्र लोगों की निगम मुख्यालय में सूची चस्पा किया गया है।कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि जल्द प्रकरणों का निराकरण करें।नगर पालिक निगम में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिवारों के अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निगम मुख्यालय में प्रकरण प्राप्त हुए है। अनुकंपा आवेदन का छानबीन करने पर 49 प्रकरण पाये गये और उनके अनुसार सूची तैयार की गई है, यदि कोई आवेदकों का नाम सूची में शामिल नहीं है, वे 07 दिवस अर्थात 01 जनवरी 2025 तक अपना दावा समस्त दस्तावेज के साथ आवेदन आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग के स्थापना शाखा में जमा करे, सूची का प्रकाशन नगर पालिक निगम के सूचना पटल में चस्पा किया गया है।बता दें कि दावा आपत्ति के बाद कार्रवाही कर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर जल्द अनुकम्पा नियुक्तियां होगी। प्रदेश सरकार अनुकंपा नियुक्ति के मामले को लेकर काफी गंभीर है। मृतक कर्मियों के आश्रित परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने जल्द कार्रवाही कर अनुकंपा नियुक्ति करने की हिदायत दी गई है।

## 50 हजार रूपये की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वाहन दुर्घटना में घायल मुकेश कुमार के विधिक प्रतिनिधि उनके पिता तिलक दास वैष्णव को 50 हजार रूपये की प्रतिकर राशि की मंजूरी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार आत्मज तिलक दास वैष्णव उम्र 30 वर्ष 13 सितम्बर 2023 को सेक्टर 05 चौक के पास सेन्ट्रल एवेन्यू रोड भिलाई नगर जिला दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटनाओं में घोर उपहति होने की पुष्टि की गई है। कलेक्टर द्वारा मुकेश कुमार के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनके पिता तिलक दास वैष्णव को प्रतिकर राशि 50 हजार रूपए स्वीकृत की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फुल बाई पिता लोकनाथ निवासी ग्राम अमरकोट तहसीलदार सरायपाली द्वारा उसके स्वयं पुत्र/पुत्री लोकनाथ का जन्म/मृत्यु दिनांक दिनांक 15/09/2008 को ग्राम अमरकोट में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद**

// ईश्तहार //

क्रमांक 2035/क/भू.व्यप/अविअ/24

सरायपाली दिनांक 23/12/2024

आवेदक अशोक पिता दशरथ निवासी गेर्रा तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम गेर्रा में स्थित भूमि खसरा नंबर 85 रकबा 0.69 हे. मे से 0.20 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 08/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद**

// ईश्तहार //

क्रमांक 2036/क/भू.व्यप/अविअ/24

सरायपाली दिनांक 23/12/2024

आवेदिका अन्नपूर्णा पिता कृपासिंधु वगैरह निवासी बोंदानवापाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बोंदानवापाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 2216/8 रकबा 0.17 हे. मे भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 08/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद**

// ईश्तहार //

क्रमांक 2038/क/भू.व्यप/अविअ/24

सरायपाली दिनांक 23/12/2024

आवेदक कमल पिता सिकलचंद निवासी जलगढ तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम जलगढ में स्थित भूमि खसरा नंबर 577/2 रकबा 0.02 हे. मे भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 08/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार तोंगपाल, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/2024-25
ग्राम कुकानार, तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा ग्राम कुकानार के आम नागरिकों को इस उद्घोषणा के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरिहर पिता/पति भागवत जाति बहजा ग्राम कुकानार तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र सह अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा स्वयं के माता नाम देवपति पिता/पति भागवत का मृत्यु प्रमाण पत्र मांग किया गया है, जिसका दिनांक 19/09/2024 को ग्राम कुकानार में मृत्यु होना दर्शाया गया है। अतः आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या भौतिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र जारी होने की तिथि से अवकाश के दिन को छोड़कर किसी भी न्यायालयीन दिवस एवं समय में दिनांक 01/01/2025 तक प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय का मुहर से जारी किया गया।
स्थान - तोंगपाल
दिनांक -

मुहर — तहसीलदार तोंगपाल, जिला सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार तोंगपाल, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/2024-25
ग्राम कुकानार, तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा ग्राम कुकानार के आम नागरिकों को इस उद्घोषणा के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरिहर पिता/पति भागवत जाति बहजा ग्राम कुकानार तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र सह अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा स्वयं के पिता नाम भागवत पिता/पति रामकेश्वर का मृत्यु प्रमाण पत्र मांग किया गया है, जिसका दिनांक 14/10/2029 को ग्राम कुकानार में मृत्यु होना दर्शाया गया है। अतः आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या भौतिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र जारी होने की तिथि से अवकाश के दिन को छोड़कर किसी भी न्यायालयीन दिवस एवं समय में दिनांक 01/01/2025 तक प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय का मुहर से जारी किया गया।
स्थान - तोंगपाल
दिनांक -

मुहर — तहसीलदार तोंगपाल, जिला सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./20241211500003/अ 55 वर्ष 2024-25
ग्राम-भुरसूदा, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं.-तिल्दा

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरनाथ साहू पिता स्व. श्री खेदूराम साहू, निवासी-भुरसूदा द्वारा ग्राम भुरसूदा, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं-टण्डवा, तहसील-तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) में पटेल के पद पर नियुक्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तिल्दा-नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 27.01.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर सहित जारी किया गया।
(मो. नंबर 9300903642)

मुहर — तहसीलदार तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

# पाक-अफगान टकराव शांति को खतरा

**पाकिस्तान** के अफगानिस्तान पर हवाई हमलों ने दक्षिण एशिया में शांति के लिए खतरा पैदा कर दिया है। 24 दिसंबर, 2024 को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के बरमाल जिले में हवाई हमले किए जिसमें कम से कम 15 नागरिकों की जानें गई। सात गांवों पर हुए हमलों में भारी विनाश हुआ है। इस घटना ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव और बढ़ा दिया है जिससे दक्षिण एशिया में स्थायित्व को खतरा पैदा हो गया है। हवाई हमले तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी की गतिविधियों के खिलाफ पाकिस्तान की कार्रवाई है। पाकिस्तान ने इसे अपनी सीमाओं पर टीटीपी के अड्डों का सफाया करने और सीमा सुरक्षा के नाम पर उचित ठहराया है। लेकिन अफगान तालिबान ने इन आरोपों से इनकार किया है। उसने दावा किया है कि हवाई हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया है जिनमें पाकिस्तान के कबीलाई क्षेत्रों में सैनिक कार्रवाइयों के फलस्वरूप पलायन करने वाले वजीरिस्तानी शरणार्थी शामिल हैं। तालिबान ने इन हवाई हमलों का बदला लेने की बात कही है जिससे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर टकराव बढ़ सकता है। इस प्रकार का टकराव बढ़ने से क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ सकती है जो पहले ही विद्रोहों, सीमापार से आतंकवाद तथा दीर्घकालीन विवादों का शिकार बना हुआ है।

पाकिस्तान व अफगानिस्तान के बीच टकराव के भू-राजनीतिक प्रभावों के साथ ही मानवीय प्रभाव भी बहुत गंभीर हैं। अफगानिस्तान अब भी दशकों से जारी युद्ध से उबर रहा है और उसे अधिक विनाश का सामना करना पड़ रहा है। इस हिंसा का खामियाजा नागरिकों व खासकर शरणार्थियों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि मुर्गबाजार जैसे गांव खंडहर में बदल गए हैं तथा बड़ी संख्या में परिवार विस्थापित हुए हैं। इस विनाश के कारण पहले से ही गंभीर मानवीय संकट और गंभीर हो गया है। इसे देखते हुए तत्काल अंतरराष्ट्रीय सहायता और समर्थन की जरूरत है। इस टकराव से क्षेत्र में जारी शांति प्रयासों को भी धक्का लगा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान तथा अन्य पक्षों के बीच संवाद पूरे क्षेत्र में स्थायित्व बनाए रखने के लिए जरूरी है, पर ऐसी घटनाओं से यह प्रक्रिया पटरी से उतर सकती है। इसके साथ ही, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते टकराव से आतंकवाद के खिलाफ सहयोगी प्रयासों की पहल में बाधा आती है जिससे आतंकी घटनाओं का खतरा बढ़ता है क्योंकि इस खतरे से बचने के लिए समन्वित क्षेत्रीय कार्रवाई की जरूरत है। इस स्थिति से दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति और जटिल हो गई है। इसे देखते हुए भारत, चीन और ईरान को अपनी रणनीतियों के पुन: आंकलन की जरूरत होगी। हालांकि, पाकिस्तानी कार्रवाई तत्कालीन सुरक्षा चिन्ताओं के कारण है, पर इससे परंपरागत सहयोगियों तथा क्षेत्र में शांति की पैरवी करने वाली विश्व शक्तियों से उसके संबंध प्रभावित हो सकते हैं। इस बढ़ते संकट का मुकाबला करने के लिए दोनों देशों को संवाद व सहयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। परस्पर सरोकारों व खासकर तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी संबंधी चिन्ताओं व सीमा सुरक्षा को संबोधित करने के लिए रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध जरूरी हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे तटस्थ पक्ष इन चर्चाओं में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। द्विपक्षीय प्रयासों के साथ ही स्थिति में सुधार के लिए क्षेत्रीय सहयोग भी जरूरी है। दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग असोसियेशन-सार्क जैसे संगठनों के नेतृत्व में की जाने वाली पहलों से आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई मजबूत हो सकती है तथा इससे आर्थिक परस्पर-निर्भरता को भी बढ़ावा मिल सकता है। ऐसे प्रयासों से पाकिस्तान व अफगानिस्तान के बीच टकराव घटाने को प्रोत्साहन मिलेगा।



# समावेशी भविष्य का आधार

स्वचालीकरण, कृत्रिम बुद्धि तथा वैश्वीकरण ने उद्योगों को नया स्वरूप दिया है। इससे प्रतियोगी बने रहने के लिए आजीवन सीखना तथा परिवर्तनशीलता जरूरी हो गई है।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास से संबद्ध हैं)



तेज तकनीकी प्रगति तथा परिवर्तनशील आर्थिक परिदृश्य में कौशल विकास पर केन्द्रित विचार-विमर्श कभी इतना प्रासांगिक नहीं था। कौशल अब केवल रोजगार का साधन न होकर ऐसे औजार बन गए हैं जो हमारे सामूहिक भविष्य को स्वरूप देते हुए व्यक्तियों और देशों को बदल रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से कौशल परंपराओं और भूगोल से बंधे थे। किसान ने अपना कौशल पुरानी पीढ़ियों से सीखा था और कारीगर सालों तक प्रशिक्षण के बाद अपनी कला में माहिर बने थे। लेकिन इक्कीसवीं शताब्दी ने ये सीमायें तोड़ दी हैं।

आज स्वचालीकरण, कृत्रिम बुद्धि और वैश्वीकरण के कारण ऐसे कार्यबल की आवश्यकता है जो लगातार परिवर्तन, खोज एवं सीखने के रास्ते पर चल सके। कौशल अब स्थिर नहीं हैं, वे विकसित होते हैं और इस विकास की गति तेज हो रही है। इस परिवर्तन के केन्द्र में यह समझदारी है कि कौशल विकास अब एक बार के बजाय आजीवन यात्रा है। भविष्य उन लोगों का है जो इस सोच को स्वीकार करते हैं। एक साफ्टवेयर इंजीनियर को कल डेटा एनालिस्ट बनने की जरूरत पड़ सकती है।

इसी प्रकार मार्केटियर को व्यावहारिक मनोविज्ञानी या कृत्रिम बुद्धि का प्रयोग करना पड़ सकता है। दुनिया इस समय तेजी से 'गिग इकोनोमी' की ओर बढ़ रही है जिसमें लचीलापन, रचनात्मकता तथा परिवर्तनशीलता केवल योग्यता न होकर जरूरत बन गई हैं। ऐसे में आराम से रहने वाले लोग दुनिया में पीछे छूट जाएंगे जहां केवल परिवर्तन ही स्थाई हैं। सरकारें, शिक्षा संस्थान और निजी उद्यम कौशल विकास की संस्कृति विकसित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

पूर्व-औद्योगिक युग में बनी परंपरागत शिक्षा व्यवस्थाओं में आमूल परिवर्तन होना चाहिए। इनको अब रट कर सीखने या डिग्री प्राप्त करने के बजाय आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान तथा तकनीकी क्षमताओं पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। 'कोडिंग बूट कैंप', पेशेवर प्रशिक्षण तथा आनलाइन शिक्षण प्लेटफार्म जैसे तत्वों ने यथास्थिति बदलनी शुरू की है और इनसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच लोकतांत्रिक हुई है। लेकिन जयादा समावेशन तथा पहुंच को व्यापक बनाने के लिए बहुत कुछ करना जरूरी है।

कौशलों से हमारा अभिप्राय किसी को अच्छी आजीविका हेतु जल्दी से जल्दी प्रशिक्षित करना होता है। कौशल विकास एवं उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति, 2015 के अनुसार हमने 2022 के अंत तक 40 करोड़ लोगों को विभिन्न कौशलों से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य बनाया था, लेकिन केवल 4 करोड़ लोगों को ही प्रशिक्षण दिया जा सका। विभिन्न पक्षों के सामने आने तथा महिलाओं और पुरुषों को विभिन्न रोजगार योग्य कौशलों से लैस करने के कारण इस क्षेत्र में व्यापक अवसर हैं। इसका अर्थ पूरे 'स्किलिंग इकोसिस्टम' को सेवाप्रदाताओं की मांगों के अनुसार ढालना है। आज कुशल कामगारों की मांग और उनकी बाजार में उपलब्धता के बीच भारी कमी है।

विकासशील देशों में 150 मिलियन युवाओं में लगभग 33 प्रतिशत कुशल पर बेरोजगार हैं क्योंकि उनकी रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बेहतर बनाई जा सकती है। सरकारी नीति हस्तक्षेपों से विश्व बाजार में मांग और सप्लाई के बीच कमी दूर की जा सकती है। सब्सिडी, कर लाभ या सार्वजनिक-निजी साझेदारी से रोजगार योग्य कौशल विकास को प्रोत्साहन देने से नागरिकों की अपस्किलिंग या रिस्किलिंग हो सकती है। इसके साथ ही सरकारों को आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए ढांचा बनाना होगा। इनमें पेशेवर लोगों द्वारा अपने सीखने का कौशल बढ़ाने के सस्ते कोर्स शामिल हैं। इसके साथ ही उद्योगों को उपयुक्त कार्यबल बनाने में अपनी भूमिका की पहचान करनी होगी। कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम, मेंटरशिप पहलों तथा शिक्षा संस्थानों से सहयोग न केवल कर्मचारियों में निवेश है, बल्कि यह स्वयं बिजनेस के भविष्य में भी निवेश है। निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने वाली कंपनियां उच्च उत्पादकता, कर्मचारियों को अपने साथ बनाए रखने तथा उद्योग में प्रतियोगिता करने में सफल होती हैं।

इसके साथ ही निजी क्षेत्र मार्केट प्रवृत्तियों व तकनीकी प्रगति को देखते हुए भावी कौशलों का आंकलन कर सकता हे जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्योन्मुखी तथा प्रासांगिक बने रह सकते हैं। लेकिन कौशल विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सशक्तीकरण का भी औजार है। अनेक विकासशील देशों में शिक्षा और कौशलों तक पहुंच में कमी लगातार गरीबी का दुष्चक्र बनाए रखने में योगदान कर रही है। ऐसे में हाशियाकृत समुदायों को मांग वाले कौशलों में प्रशिक्षित करने से पूरी जनसंख्या की प्रगति होगी तथा ज्यादा समावेशी प्रगति सुनिश्चित होगी। कोडिंग सीखने वाली ग्रामीण महिला या डिजिटल मार्केटिंग सीखने वाले विस्थपित श्रमिक इस बात का उदाहरण हैं कि कौशल से जीवन में कैसे परिवर्तन आता है। ऐसी खबरों से कौशल विकास की परिवर्तनशील संभावनायें उजागर होती हैं, विपरीत स्थितियों को अवसरों में बदलती हैं तथा सर्वाधिक आवश्यकता वाले लोगों में उम्मीद की किरण जगाती हैं। इस प्रकार के सशक्तीकरण का विस्तार व्यक्तियों से समुदायों और पूरे समाजों तक होता है। कुशल जनसंख्या स्थानीय चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकती है जिसमें ढांचागत संरचनाओं में सुधार से लेकर छोटे बिजनेस स्थापित करना शामिल हैं।

इस प्रकार कौशल विकास खोज व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता हे, बाहरी सहायता पर निर्भरता घटाता है तथा टिकाऊ विकास को बढ़ावा देता है। मानव पूंजी में निवेश करने वाले समुदाय अक्सर अनेक लाभ उठाते हैं जिनमें उत्पादकता में वृद्धि तथा समृद्धि के साथ ही बेहतर स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा और जीवन गुणवत्ता शामिल हैं। कौशल विकास को बढ़ावा देने से हम गंभीर चुनौतियों का सामना भी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, 'डिजिटल डिवाइड' से तकनीक या इंटरनेट कनेक्टिविटी तक पहुंच न रखने वाले लोगों के पृथक्करण का खतरा पैदा हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र तथा वंचित क्षेत्र अक्सर इस असमानता का सामना करते हैं, जिससे लाखों लोग आधुनिक अर्थव्यवस्था में सहभागिता के उपकरण ही नहीं प्राप्त कर पाते हैं। यह खाई पाटने के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र को प्रयास करने जरूरी हैं जिनमें ढांचागत संरचनाओं में निवेश, सस्ती तकनीक तथा स्थानीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं जो विशिष्ट क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

इसी प्रकार कौशल प्रशिक्षण के एक प्रकार के समाधान सबके लिए विफल हो सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की कौशल प्रशिक्षण की यात्रा विशिष्ट होती है जो उसकी आकांक्षाओं, संदर्भ व क्षमताओं पर निर्भर करती है। ऐसे में सीखने के व्यक्ति-केन्द्रित मानकों को बढ़ावा मिलना चाहिए। नया कौशल सीखना एक प्रकार से 'प्रयास एवं गलतियां' शामिल होती हैं। इससे वह परिवेश बनता है जहां व्यक्तियों को प्रयोग करने और निर्भय होकर आगे बढ़ने को प्रोत्साहन मिलता है। सेवायोजकों और शिक्षकों को ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए जहां संपूर्णता के बजाय दृढ़ता तथा निरंतर सुधार जैसे मूल्यों को प्रोत्साहन मिले।

कौशल विकास की संभावनायें उसी प्रकार असीम हैं जैसे संगमरमर से अनेक प्रकार की रचनायें बनाई जा सकती हैं, लेकिन इसके लिए समुचित औजारों, निर्देशन एवं प्रयासों की जरूरत होती है। कृत्रिम बुद्धि-एआई, डेटा निजता तथा टिकाऊपन के प्रभावों को समझना तकनीकी उत्कृष्टता के लिए जरूरी है। समग्र दृष्टिकोण अपनाने से तेज एवं जिम्मेदार प्रगति होती है। इससे ऐसा भविष्य बनता है जहां मानवीय मूल्य और समाज की बेहतरी एक दूसरे से जुड़ते हैं। कुल मिला कर कहें तो कौशल विकास आर्थिक मांगों से आगे जाता है। यह एक परिवर्तनकारी शक्ति है जो हमारी दुनिया को बदल रही है।

इससे व्यक्तियों का सशक्तीकरण होता हे, खोज को बढ़ावा मिलता है तथा समावेशी वृद्धि सुनिश्चित होती है। कौशलों में निवेश कर हम लोगों में निवेश करते हैं और लोगों में निवेश कर हम भविष्य में निवेश करते हैं।

# विजेता कभी मैदान नहीं छोड़ते

> यह केवल एक सकारात्मक स्वभाव और विचार ही हैं जो हमें आगे बढ़ाते हैं ताकि सफल लोग अपनी सतर्कता कम न करें।

**रवि वलूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



जैक क्राउशोर एक करिश्माई नेता, एक सफल स्टील मैग्नेट और एक सफल व्यक्ति थे, जिन्होंने कभी हार नहीं मानी, चाहे उनके सामने कोई भी परिस्थिति क्यों न आई हो। वे परिस्थितियों के अनुसार बच्चों की तरह व्यवहार करने की रणनीति अपनाने में भी उतने ही माहिर थे।

समय के साथ, उनके दिमाग ने सीखा कि परिस्थितिजन्य कारक नेतृत्व की प्रभावशीलता को प्रभावित करते हैं। सफल नेता उच्च-स्तरीय उपलब्धि वाले होते हैं, जो हार नहीं मानते। उन्हें जीवन में सुखद दिन मिलते हैं, जो उन्हें खुशी के पल प्रदान करते हैं, और कुछ दुखद घटनाएं भी हो सकती हैं जो सौभाग्य से समृद्धि की सीढ़ी चढ़ने के उनके जुनून को कम नहीं करती हैं। नैन्सी गिब्स कहती हैं, हम कल्पना करते हैं कि उच्च उपलब्धि वाले लोग जन्म से ही महानता के लिए तैयार होते हैं। लेकिन फिर आपको आश्चर्य होगा कि समय के साथ, कुछ लोगों में प्राकृतिक प्रतिभा क्यों प्रज्वलित होती है और दूसरों में फीकी पड़ जाती है।

जादुई फिल्म 3 इडियट्स को याद करें। आमिर खान, शरमन जोशी और आर. माधवन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। संस्थान के निदेशक ने उन्हें शिष्ट भाषा में 3 इडियट्स कहा था। उनमें से एक रैंचो (आमिर खान) एक सफल व्यक्ति था, जो प्राकृतिक प्रतिभा, अलग सोच और क्रांतिकारी विचारों से संपन्न था। फिल्म में एक मार्मिक दृश्य है, जिसमें जॉय लोबो की भूमिका निभाने वाले अली फजल की जान चली जाती है, क्योंकि वह निर्धारित प्रोजेक्ट कार्य को पूरा करने की समय सीमा को पूरा करने में असमर्थ था और इस तरह एक फिसड्डी बन गया। वह एक बैटरी से चलने वाली



%फ्लाइंग मशीन% पर काम कर रहा था, जो अपनी जादुई आँखों और विशेषताओं के माध्यम से विभिन्न घटनाओं को कैद कर सकती थी। अफसोस, उसके प्रयास विफल रहे, जबकि निपुण रैंचो ने मशीन को डिजाइन करने में सफलता प्राप्त की... और एक परीक्षण उड़ान के दौरान, वह और पूरा कॉलेज जॉय लोबो की अपनी जान लेने की चौंकाने वाली त्रासदी का गवाह बना। घटनाओं के मोड़ से निराश होकर, लोबो ने अपने कमरे की दीवारों पर प्रमुखता से लिखा - मैं छोड़ रहा हूं। इस दृश्य ने परियोजना की विफलता और उस चरित्र की घोर अधीनता को ग्राफिक रूप से दर्ज किया, जो एक सफल व्यक्ति नहीं था। एक बार, कुछ वरिष्ठों ने एक कर्मचारी को उसके खराब प्रदर्शन के कारण नौकरी से निकाल दिया। उसने सभी रिश्तों और अपनी आध्यात्मिकता को छोड़ने का फैसला किया, और निराशा में उसने भगवान को बताया कि उसने अपना जीवन त्यागने का फैसला किया है। भगवान ने उसे जंगल में फर्न और बांस की तलाश करने के लिए कहा। जब भगवान ने फर्न और बांस के बीज लगाए, तो उन्होंने उनका विशेष ध्यान रखा और उन्हें मौसम की सभी अनिश्चितताओं से बचाया। एक साल के भीतर फर्न शानदार और इंद्रधनुषी हो गए, पूरे फर्श को कवर कर लिया, जबकि बांस के बीजों में कोई वृद्धि नहीं हुई। अगले चार वर्षों में, जंगल लगातार बढ़ते फर्न से हरा-भरा हो गया और फिर भी बांस के बढ़ने या पेड़ बनने का कोई संकेत नहीं था।

पांचवें वर्ष में, बांस के बीज अंकुरित होने लगे। अगले छह महीनों में, बांस के अंकुर सौ फीट की ऊंचाई तक बढ़ गए, जो फर्न के बागान पर राज कर रहे थे। भगवान ने उस व्यक्ति को देखकर मुस्कुराया और कहा कि उसने पांच साल तक बांस के बीजों को उगाना नहीं छोड़ा। इस समयावधि के दौरान, बांस के पेड़ की जड़ें बढ़ रही थीं। हमारे संघर्ष का दौर बांस के पेड़ की जड़ों के विकास जैसा है। फर्न और बांस दोनों ही अपनी-अपनी गति से बढ़े, जैसा कि ब्रह्मांड और प्रकृति ने चाहा।

वे एक-दूसरे के विकास के पूरक थे और प्रतिस्पर्धी नहीं थे। खुशी हमें मधुर बनाती है और परीक्षण हमें मजबूत बनाते हैं; दुखों का सामना करने पर हमें मजबूत बनना चाहिए और सफलता के द्वारा हमें आभारी और उज्ज्वल बनना चाहिए। अंतिम विश्लेषण में, यह केवल एक सकारात्मक स्वभाव और विचार ही हैं जो हमें आगे बढ़ाते हैं ताकि सफल लोग अपनी सतर्कता कम न करें और इस तरह हार न मानें।

## आप की बात

### महान राजनेता का निधन

**डॉ.** मनमोहन सिंह एक महान अर्थशास्त्री और राजनेता थे, जिन्होंने भारत के आर्थिक इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन एक बड़ी क्षति है, और हम उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ. सिंह ने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, डॉ. सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को उदारीकरण और निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ाया। डॉ. सिंह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए।सिंह 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे। इस दौरान उन्होंने भारत की मौद्रिक नीति को मजबूत किया। डॉ. सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे। इस दौरान उन्होंने भारत के पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सिंह को उनके कार्यों के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले। उन्हें 1987 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया, जो भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। डॉ. सिंह का निधन एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनकी विरासत जीवित रहेगी। हम उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बीते वर्ष की उपलब्धियां

**सैन्य** सशक्तिकरण की दिशा में वर्ष 2024 अनेक मायनो में महत्वपूर्ण रहा हे। सीमावर्ती क्षेत्रो में आधारभूत संरचना का विकास, सैना के तीनो अंगो के सशक्तिकरण हेतु नवीन तकनीक वाले रक्षा उपकरणो के सौंदे तथा रक्षा उत्पादन एवं निर्यात मे वृद्धि इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धिया रही है। नौसेना को इस वर्ष आईएनएस तुशील तथा अरिहंत श्रेणी की दूसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात मिलने से भारतीय नौसेना के सशक्तिकरण में एक नया अध्याय जुड़ गया है रुस के साथ हाल ही में किया गया पांचवीं पीढ़ी के सुखोई स्u-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का सौदा वायुसेना के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा। अमरिका के साथ प्रीडेटर ड्रोन का सौदा को भी सैन्य दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इन 31 प्रीडेटर ड्रोन में से 15 भारतीय नौसेना को मिलेंगे, जबकि बाकी वायुसेना और थल सेना के को बांटे जाएंगे। इसी प्रकार हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास यह एडवांस टेक्नोलॉजी है। 1700 कि.मी की रेंज वाली हाइपरसोनिक मिसाइल आवाज़ की गति से पाँच गुना तेज़ रफ़्तार से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती हैं। जिसे एंटी मिसाइल सिस्टम ट्रैक नहीं कर पाता है। जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बनाया गया विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी सीमा क्षेत्र में आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण अंग है।

- **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### भारत बनाम बांग्लादेश

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास बढ़ा सकते हैं। यह डर सही साबित हो रहा है क्योंकि बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के साथ तेजी से रिश्ते सुधारने शुरू कर दिए है। इससे भारत के लिए समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, खासकर सीमा सुरक्षा के मामले में। भारत को बांग्लादेश सीमा को लेकर सतर्कता बढ़ानी होगी ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहा जा सके। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकी भारत के लिए चिंता का विषय हो सकती है। दोनों देशों के बीच आर्थिक और सामरिक सहयोग बढ़ रहा है, जो भारत की सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकता है। इस स्थिति में, भारत को अपनी विदेश नीति में बदलाव लाने की आवश्यकता हो सकती है। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने होंगे, साथ ही पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को सावधानी से संभालना होगा। इसके अलावा, भारत को अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाने होंगे। इसमें सीमा पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाना, सीमा बाड़ लगाना और सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखना होगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कदम रिश्तों में खटास बढ़ा सकते हैं।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### भागवत के बयान

**स्वयंसेवक** संघ प्रमुख मोहन भागवत के धार्मिक बयानों से शायद आजकल संत समाज नाराज दिख रहा है। पिछले दिनों भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजना ठीक नहीं है। उनकी नहीं बातों को लेकर संत समाज नाराज है। उनका कहना है कि यह बयान अल्पसंख्यकों को खुश करने वाला अधिक लगता है। इसी पर जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य जी ने अपने बयान में कहा है कि मोहन भागवत संघ प्रमुख हैं परंतु हिन्दू धर्म के प्रमुख नहीं हैं, तथा उनकी बातों पर अमल करना जरूरी नहीं है। फिर हिन्दू समाज के लिए उनके अपने धार्मिक संत एवं शंकराचार्य मौजूद हैं। अत- भागवत को अपने किसी भी बयान में हिन्दू समाज को सम्बोधित नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह कोई हिन्दू समाज के धर्मगुरु नहीं कहलाए जाते। जगतगुरु जी का कहना एकदम उचित है कि हिन्दुओं के धार्मिक स्थल उनके अपने हैं एवं उनका ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व भी है। अत- अगर कोई उन्हें पाने का प्रयास करता है तो उसका समर्थन करना चाहिए।

- **आदित्यराज सोनी**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कबीरधाम में बिहान योजना में भारी गड़बड़ी की आशंका, जांच के बजाए संरक्षण



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना में भारी गड़बड़ी की आशंका है। जिले में लगभग एक लाख महिलाओं का बड़ा समूह बनाकर एक टीम तैयार किया गया है। लगभग नौ हजार से भी ज्यादा स्व सहायता समूह का गठन किया गया है लेकिन उन्हें आगे बढ़ाने की योजना में जिम्मेदार मलाई खाते हुए दीदी को गरीब बनाते दिखाई दे रहे हैं। योजना हुए गड़बड़ियां और आर्थिक अनियमितता की शिकायत करने पर जांच करने की कोई रुचि नहीं दिखा रहे है जिससे साबित होता हैं कि विकासखंड से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

## सूक्ष्म ऋण योजना वितरण की राशि में गड़बड़ी

सूक्ष्म ऋण योजना के तहत महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को ऋण देने का प्रावधान है। ऋण की राशि का व्याज प्रतिमाह समूह की दीदियों के द्वारा जमा किया जाता है जिसमें भारी गड़बड़ियां होने की जानकारी मिली है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना में व्याप्त अनियमितता की जांच के लिए जिला कलेक्टर और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम को 03 दिसंबर 2024 को समिति बनाकर जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के बीडोरा और बाजार चारभाटा कलस्टर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में सूक्ष्म ऋण योजना के अंतर्गत सीएलएफ को शासन से प्राप्त राशि को समूहों को वितरीत ऋण एवं उससे प्राप्त ब्याज की राशि में हेराफेरी किए जाने की लिखित शिकायत किया गया है। शिकायती पत्र में जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी (नरेगा) और करारोपण अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराने का निवेदन किया गया है लेकिन चार सप्ताह से अधिक समय बीतने को है आजतक किसी प्रकार का न तो जांच हुआ न ही जांच के कोई टीम गठित हुआ। जो कई प्रकार की संदेहास्पद स्थिति की संभावनाओं को प्रगट करता है।

## लखपति दीदी कार्यक्रम में फर्जी दस्तावेज से राशि आहरण

भारत सरकार की महती योजना के तहत देश के कमजोर वर्ग की दीदियों के आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए लखपति दीदी योजना संचालित किया जा रहा है। योजना के तहत महिलाओं के आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए उन्हें स्थाई आजीविका की व्यवस्था करना है जिससे दीदियों को कम से कम प्रतिमाह दस हजार रुपए की आर्थिक लाभ प्राप्त हो और दीदियां अपने परिवार चलाने में सक्षम हो लेकिन कबीरधाम में दीदियों को लखपति बनाना तो दूर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण में गड़बड़ी किए जाने लगे हैं। मिली जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में केवल नाश्ता कराते हुए उन्हें भोजन कराने का फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि आहरण कर लिया है। जिसकी निष्पक्ष जांच के लिए कलेक्टर जिला कबीरधाम और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम को लिखीत शिकायती पत्र दिया गया है जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना में व्याप्त अनियमितता की समिति गठित कर जांच कराने का निवेदन किया गया है। शिकायती पत्र में लिखा गया है कि कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के चारों कलस्टर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में आयोजित वार्षिक अधिवेशन एवं कलस्टर स्तर पर आयोजित लखपति कार्यक्रम में फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि आहरण किए जाने की जानकारी मिल रहा है। जिसका जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी (नरेगा) और करारोपण अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराने का कष्ट करे। जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का मांग भी किया है लेकिन आजतक किसी प्रकार का कोई जांच नहीं किया गया है।

## जांच कराने में विलंब, संलिप्तता की संभावना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं का स्व सहायता समूह बनाया गया है। समूह में इसी महिलाओं को शामिल किया गया है जिन्हें खुद पता नहीं है। समूह के अध्यक्ष और सचिवों के द्वारा अनियमितता करते हुए समूह का संचालन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी कलस्टर, ब्लाक और जिला स्तरीय अधिकारीयो की है। सक्षम अधिकारी के द्वारा फर्जीवाड़ा करने ने पनाह दिया जा रहा है और स्वयं शामिल होने की संभावना है जिसके चलते किसी भी प्रकार का शिकायती पत्रों पर जांच या टीम गठित नहीं किया जा रहा है।जो अनेक प्रकार की संदेहास्पद स्थिति को पैदा करता है।

# जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसख्यक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व नगर पंचायत चिखलाकसा उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैय्यद, डौंडी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथेन वैष्णव उपास्थित हुए। किसानो को विस्तार से जानकारी देने आए विशेषज्ञ पुरषोत्तम सिंह राजपूत गौ आधारित जैविक खेती के बारे में जानकारी दिए। कृषि विभाग के अधिकारी पवन यदु, चुम्मन लाल हिरवानी, प्रमिला ठाकुर, डिकेन्द्र वर्मा, चेतन भुवार्य लिम्हाटोला ब्लॉक डोंडी में अधिक संख्या में किसान जानकारी लिए की कैसे जैविक खेती अच्छे रूप में किया जाए व वर्चुवल के माध्यम से किसानो को भी जानकारी दी गई।

# मतदाताओं का नाम जोड़ने का काम 31 दिसम्बर से

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिका निर्वाचन के लिए 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सभी पंचायत एवं नगरीय निकायों में 31 दिसम्बर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक पुनः दावा आपत्ति प्राप्त कर 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नये एवं पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम एवं निर्देश अनुसार 31 दिसम्बर 2024 को 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची (मूल एवं पूरक) का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। जिस पर दावा आपित्त 06 जनवरी 2025 को 3.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे। दावा आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तारीख 09 जनवरी 2025 तथा प्रपत्र क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। प्रपत्र क-1 में दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2025 निर्धारित है। दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर होगी।

# आस की कृति संघर्ष अभी जारी है का विमोचन

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस द्वारा प्रकाशित कृति संघर्ष अभी जारी है। का विमोचन दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के कर कमलों से सांसद निवास में किया गया है। डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने पुस्तक के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह पुस्तक संघर्ष अभी जारी है। 2021 में कोरोना पॉजिटिव हुआ था कैसे पॉजिटिव हुआ कैसे हास्पिटल के आई.सी.यू में 15 दिन बिताया कैसे डिस्चार्ज हुआ और डिस्चार्ज के बाद क्या क्या साइड ईफेट व परेशानी आज तक हुआ और हो रहा है इसे इस पुस्तक में बताया गया है जिसे प्रकाशन मेरी धर्मपत्नी दुर्गा देवांगन महिमा प्रकाशन दुर्ग द्वारा किया गया और मेरी पुत्री दृष्टि देवांगन, महासचिव शिकसा डॉ. बोधीराम साहू ने प्रकाशन में सहयोग प्रदान किया। विमोचन अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ.शिवनारायण देवांगन ने इस कोरोना काल में काफी संर्घष किया और उसके जुनून ने उसे उस विकट घड़ी में भी मौत के मुंह से बचाया उसने उस घटनाक्रम को पुस्तक का रूप देकर लोगों को बताना चाहता है कि वह दौर कितना भयावह रहा इस पुस्तक विमोचन पर बहुत बहुत बधाई। इस अवसर पर संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन व प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से ईश्वरी देवांगन दुर्ग, प्रीतिचंद्र मल्लिका संगमाकापा मुंगेली, भावना राजपूत हनोदा दुर्ग व शिक्षक सम्मान 2024 से माधुरी यादव तथा महिमा साहित्य गौरव अलंकरण से कामता प्रसाद साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिकसा के प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष प्रीतिचंद्र मल्लिका, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, प्रातांध्यक्ष प्रकोष्ठ नीता त्रिपाठी, सदस्य ईश्वरी देवांगन, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, दुर्ग जिलाध्यक्ष होरीलाल चतुर्वेदी, महासचिव बालोद कामता प्रसाद साहू, भावना राजपूत, माधुरी यादव, यशवंत कुमार राजपूत, मुकेश देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# सांकरा में जयंती एवं लोकार्पण में कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



परम पूज्य गुरु घांसी दास के जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत सांकरा में आयोजित गुरु घांसी दास जयंती महोत्सव में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान बाबागुरु घासीदास के प्रतिमा पर एवं जैतखाम की पूजा अर्चना क़र आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदेशवासियो के मांगलकामना के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए समानता, सच्चाई और भाईचारे की शिक्षा को अपनाने की अपील की। ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## विभिन्न विकाश कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

इस अवसर पर अवसर पर विधायक दीपेश साहू कर्मा भवन, सीसी रोड़, नाली निर्माण, जैसे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमे मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकाश योजना अंतर्गत सामाजिक कर्मा भवन लागत राशि 6 लाख 50 हजार रूपये, विधायक निधि से सीसी रोड़ निर्माण हंसु देवांगन के घर से रेवाराम देवांगन के घर तक जिसकी लागत राशि 5 लाख 20 हजार रूपये, संतोष देवांगन के घर से मुकेश देवांगन के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 5 लाख 20 हजार रूपये, सांस्कृतिक मंच निर्माण लागत राशि 2 लाख रूपये, सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण लागत राशि 1लाख 75 हजार रूपये के विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा की इन सड़कों के निर्माण से ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। बेमेतरा विधानसभा के हर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण जैसे विकास कार्यों से हमारे ग्रामीण क्षेत्र विकसित एवं सम्पन्न हो रहे हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में जनसुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र के विकास के साथ हम बेमेतरा विधानसभा को समृद्ध, खुशहाल और विकसित बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। इसके लिए आप सभी विधानसभा वासियों के सहयोग और विश्वास की जरूरत है। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, सूर्यकान्त साहू, पोषण वर्मा, यशवंत वर्मा, रिलोचन शर्मा विश्राम निषाद, संतोष धनकर, दशरथ साहू, जगतु साहू, पवन डहरिया कमल साहू, द्रोपती शाहू, दानी देशलाहरे, भोजेंद्र वर्मा, होलु राम साहू योगेश टंडन, भागवत देवांगन, राजेश साहू, मोहन साहू, बिसौहा साहू, चतुर्वेदी, लखन लाल टंडन, रेखमल बघेल, चेन प्रकाश साहू उप सरपंच सांकरा सहित समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी एवं सतनामी समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम मजगाँव में गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए सोनू साहू



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम मजगाँव में गुरु घासीदास की 268वी जयंती समारोह में युवा नेता दाऊ सोनू साहू शामिल हुए। और सतनामी समाज के वरिष्ठजनों के साथ गुरु घासीदास व जैतखाम की पूजा-अर्चना कर समस्त ग्राम वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। सोनू साहू ने बताया कि परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का जीवन, दर्शन एवं आदर्श पुरे संत एवं मानव समाज के लिए अनुकरणीय है। परम् पूज्य बाबा जी ने सम्पूर्ण विश्व को ज्ञान का जो अनमोल वरदान दिया है उसके लिए वे सदैव वंदनीय रहेंगे। इस अवसर पर ग्राम पटेल दिनेश साहू, हरिकिशन कुर्र, नूतन साहू सरपंच, राजमहंत पं मानसिंग आनंद, दौवाराम साहू, कुमारधार आनंद, राजकुमार आनंद, मनोहर लहरिया,भारत आनंद, बुधारू जांगड़े, राजा आनंद, चीनू आनंद, फलित जांगड़े, राजेंद्र जांगड़े, नंदकुमार, सत्तू, सेऊक, किशुन,असकरण, जितेंद्र, धनराज, जगमोहन, नकुल, कृष्णा, रामा,पन्नालाल, प्रमुख रूप से ज्ञान के गंगा पंथी पार्टी सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# बीजा के कवि सम्मेलन में श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



तिगड्डा चौंक ग्राम बीजा में पंच कुण्डी रूद्र महायज्ञ शिवमहापुराण कथा स्थल में हसदा निवासी देवलाल सिन्हा के संयोजन में मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के संपादक मंडल के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के गुरुदेव दण्डी स्वामी श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महराज से आशिर्वाद प्राप्त कर सुग्घर साहित्य समिति बेरला, जिला बेमेतरा के साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया। मानस मंच के संचालक महेन्द्र चौहान ने सभी कवियों का अभीर लगाकर एवं मानस मंच से अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम लोक गायक दिलीप टिकरिहा छत्तीसगढ़िया के सुमधुर स्वर से मां सरस्वती वंदना किया गया। उसके बाद प्रथम कवि के रूप में ग्राम लाटा से पधारे मनीदास मानिकपुरी ने शिव महिमा प्रस्तुत किया। छंदकार लिलेश्वर देवांगन ने अपनी छंद रचनाओं से खूब तालियां बटोरी। ग्राम सलधा के युवा हास्य व्यंग्यकार ईश्वर निषाद ने सबको हँसाया। ग्राम तेंदूभांठा से पधारे कर्मा सम्राट राष्ट्रपति से सम्मानित घनश्याम सिंह ठाकुर ने अपने पारंपरिक सुमधुर कर्मा गीतों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उसके बाद ग्राम ताकम से आये मूलचंद साहू ने साक्षरता पर अपनी गीत प्रस्तुत किया। बिरोदा धमधा से पधारे युवा गीतकार साहित्यकार एम ए छत्तीसगढ़ी के छात्र और हमर गँवई गाँव छत्तीसगढ़ी ई-पत्रिका के संपादक राजकुमार निषाद'राज' ने छत्तीसगढ़ में श्रीराम विषय पर बहुत ही सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। भिंभौरी से आये सरपंच एवं कवि खिवराज धीवर ने छत्तीसगढ़ महतारी पर अपनी कविता प्रस्तुत किया पुरुषोत्तम पटेल ले अपनी चुटिली अंदाज़ में हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक देवलाल सिन्हा ने मानस मंच पर शानदार रचना पढ़ी। इसके बाद कार्यक्रम का संचालन कर रहे ग्राम भिंभौरी के व्याख्याता शिक्षक, छंदकार साहित्यकार कमलेश वर्मा जी ने माता-पिता विषय पर दोहा छंद प्रस्तुत किया। अंत में सभी कवियों को श्रीफल और पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में बेरला विकास खण्ड के मानस मंच के अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू ने आभार व्यक्त एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# राशन कार्डधारी 25 फरवरी तक करा सकते हैं नवीनीकरण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डों की नवीनीकरण प्रक्रिया की समय सीमा में वृद्धि की है। जिन्होंने अब तक राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है। वह 28 फरवरी 2025 तक करा सकते है। जिला खाद्य अधिकारी ने ऐसे राशन कार्ड धारियों से अपील की है जिन्होंने अब तक किसी कारण वश नवीनीकरण नहीं हुआ वह आगामी 28 फरवरी 2025 तक करा सकते है।'खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रचलित 263606 राशनकार्डों में से 251309 (95.34:) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, तथा 12297 राशनकार्डो का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 28 फरवरी 2025 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गए हैं। पुनःनवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारियों से अपील की जाती है वे अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा लेवें।

# तालाब के किनारे खुले में मंदिर किनारे मांस बिक्री



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 18 भाजपा पार्षद घनश्याम ताम्रकार का वार्ड जहां माँ कालिका मंदिर तालाब (जुना तालाब) स्थित है तालाब किनारे में दासियों देवालय है जिसमें माँ कालिका, शिव जी, हनुमान जी के देवालय प्रमुख रूप से है साथ ही ये बताना भी जरूरी है कि यहां पर तालाब किनारे के घाट में मृतक कार्यक्रम के लिए भी कमरा आदि बना है और लोग पचरी में स्नान करते है यहां पर कुछ मिलकर मंदिर के पास प्रत्येक शनिवार को खुले में शुवर का मांस बिक्री करते है जबकि पालिका प्रशासन द्वारा मांस बिक्री के लिए सिंघोरी में अलग से व्यवस्था दी गई है। सहयोग बेमेतरा के सदस्य यहां पर विद्यार्थी वाटिका में अपने लगाएं पौधो के संधारण हेतु गए थे जहां खुले में मंदिर किनारे सुवर का मांस बिक्री होते देख इसका विरोध करने पर मांस विक्रेता ने कहा हम दसों साल से यहां मांस बिक्री कर रहे है हमें आज तक किसी ने यहां नहीं रोका और हमें मटन बाजार में जगह भी नहीं दी गई है यदि जगह दे दी जाएगी तो हम मार्केट में ही अपनी दुकान लगाएंगे। यह बताना लाजमी होगा कि मांस बिक्री के लिए प्रशासन के निर्धारित माप दंड है इसका पालन नहीं करने पर दंडात्मक अपराध माना जाता है। सहयोग ने इस संबंध में दूरभाष पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस बारे में अनभिज्ञता जाहिर की इस बारे में भाजपा नेताओं से भी बात की गई पर उन्होंने चुप्पी साधे रखी जिस पर संस्था ने आक्रोश जाहिर किया सहयोग ने वीडियो के माध्यम से सोशल इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से भी इसकी जानकारी लोगो तक पहुंचाई। सहयोग के रमन काबरा, राज सिन्हा गिरीश मिश्रा, जीवन शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, रामा मोटवानी आदि सदस्यों ने विक्रेता से इस कार्य के लिए विरोध दर्ज किया।

## सेवा भजन व जयघोष के साथ रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया गया

# हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया शक्ति परब व एकता दिवस

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज दल्ली राजहरा ने शक्ति परब एकता दिवस बड़े ही जोश, उत्साह व उमंग के साथ मनाया, साथ ही सामाजिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की उद्घाटन बेला की मुख्य अतिथि पीएस चुरेन्द्र प्राचार्य, अध्यक्षता विद्या रावटे ब्लाक अध्यक्ष, अतिथि जनक लाल ठाकुर पूर्व विधायक, एम आर ठाकुर, महाप्रबंधक आईओसी राजहरा, शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका, समापन बेला के मुख्य अतिथी डॉ. मंजीता ठाकुर अध्यक्षता संतोष ठाकुर अध्यक्ष हस्ताक्षर साहित्य समिति, हीरालाल ठाकुर सचिव, सुभाष ठाकुर विकास अधिकारी स्तुष्ट, प्रेमलता उर्वशा उपाध्यक्ष, ममता घराना अध्यक्ष छ.ग. समन्वय समिति, टीआर रानाडे प्राचार्य, गीता देवी ठाकुर संरक्षक, सोनम भूआर्य अध्यक्ष महिला मंडल, जगत पाटिल कोषाध्यक्ष, डॉ जेआर ठाकुर एवं बंधुद्वय, हेमंत कांडे, तिलक राम मानकर अध्यक्ष इंटक यूनियन, कोमल पटेल, घनश्याम पारकर, गीता मरकाम, श्रवण कुमार प्रधान उपअभियंता, ताम्रध्वज सुधाकर पार्षद, टीआर पिस्दा उप कोषाधिकारी सभी अतिथियो एवं सामाजिक पदाधिकारीगण द्वारा आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की सेवा अर्जी कर समाजिक झंडे का ध्वजा रोहण कर मंचीय कार्यक्रम का आरंभ किया गया। समाज के लोग बड़े हर्ष के साथ पारंपरिक वेषभूषा मे आतिशबाजी व माता के सेवा भजन व जयघोष के साथ रैली नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम छ ग महतारी के वंदना पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन व संकल्प लिया गया। विद्या रावटे स्वागत उद्बबोधन के साथ सगाजनो को समाज मे संगठित होकर, समाज की संस्कृति संस्कार को बचाकर उत्तरोत्तर प्रगति मे सहभागी बनने पर जोर दिया। तिलक मानकर समाज की एकता पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि समाज के सभी लोग अपनी जिम्मेदारी सुनिश्ति करे हमारा समाज संगठन 1940 से बना है उस अनुपात से समाज का स्थान और ऊंचा होना चाहिए। हीरा लाल ठाकुर ने समाज से जुड़कर रहे समाज मे ही सर्वांगिण विकास है। ममता घराना ने अपने कड़े शब्दो मे चेताया कि किस बात की शक्ति, अगर शक्ति दिखाना है तो सड़क मे उतरना होगा,जिस समाज से सुख की रोटी खा रहे हो तो समाज का कुछ ऋण भी चुकाओ अपने मे ही मद मस्त मत रहो आप की आने वाली पीढी बहुत कठिन चुनौतियों का सामना करेगी, हम मात्र दूसरी पीढी है जो शासकीय सेवाओं मे है और आरक्षण को खत्म किया जा रहा है, संवैधानिक अधिकारो के प्रति सजग हो जाओ और निकलो अपने घरो और मकानो से और जंग लड़ो बेईमानो से, अपने उद्बोधन मे महिलाओ से अपनी हुनर को पहचान कर निखारो और आगे बढने प्रेरित किया। जनक लाल ठाकुर ने कहा सिर्फ शक्ति दिवस, शहादत दिवस मे आ जाने से आपका दायित्व पूरा नही होता समाज की हर लड़ाई मे जल जंगल जमीन किसान मजदूर शोषित पीडित सभी के लिए संगठित होकर लड़ने की आवश्यकता है। हेमंत कांडे जी ने भी वर्तमान परिपेक्ष्य की ओर आगाह किया और कि हम लोगो को देश की संविधान और अंबेडकर की अपमान को देश की जनता जाग चुका बर्दास्त बिल्कुल नही करेगा समय आने पर मुंहतोड़ जवाब जरूर देगा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर जोर दिया और कहा अब सोने का नाटक मत करो, जाग जाओ, आगे बहुत चुनौती है। शीबू नायर ने पालिका द्वारा कराये गये समाज निर्माण विकास कार्य को बताते हुए आगे भी आवश्यकतानुसार सहयोग की आश्वस्त करते हार्दिक शुभकामनाये दिए एवं संविधान एवं भीमराव अंबेडकर के प्रति गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किये गये टिप्पणी को बेहद शर्मनाक व घिनौना बताया ये उन्हे शोभा नही देता। डॉ जेआर ठाकुर समाज के संस्थापक सदस्य के रूप मे अपने द्वारा समाज को खड़ा करने मे किये गये प्रयास व संघर्ष को सिलसिलेवार बताया व समाज के महान विभूतियो को संस्मरण किया व संविधान में अनुसूचित जन जाति समाज को प्रदत्त अधिकारो के बारे में व संविधान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। सुभाष ठाकुर ने सगाजनो से कहा कोई भी विषम परिस्थिति मे अपनी पुरखौती जमीन न बेचे वो ही आपकी पहचान व असत्तित्व है,गांव के जड़ों से जुड़े रहे परिवार के साथ भाईचारे के साथ रहे आदिवासियत के साथ रहे, हो आदिवासी तो आदिवासी समाज के साथ जुड़कर रहें, समाज की ताकत बने। डॉ मजीता ठाकुर ने युवा पीढी को अपने संस्कार व अपने लक्ष्य से ना भटके आपका काम ही आपका पहचान बना। मुख्य आतिथ्य की आसंदी से पी एस चुरेन्द्र ने साफ साफ शब्दों में कहा हमारी संस्कृति रूढी प्रथा रीति रिवाज परंपरा, समाजिक व्यवस्थाएं, समाज की अस्मिता एवं धरोहर है। इसी से आपकी पहचान है, विषम परिस्थिति मे भी न अपनाये दूसरे धर्म न अपनाये। युवा पीढी को आगाह करते हुए कहा वैवाहिक संस्कार अपने रीति रिवाज के अनुसार करे द्य दूसरे का कल्चर ना अपनाये खर्चीली शादी से बचे। सेवानिवृत्त कर्मचारी, प्रतिभावान छात्र छात्रएं, नई सेवाओं मे भर्ती,अपने कार्यक्षेत्र मे सम्मान पाने वाले श्रमवीरो को समाज की ओर से स्मृति चिंन्ह व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मान किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है: प्रो. सोमेश घितोड़े




पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का जी एवं जिला संगठक सक्ती प्रो. सोमेश कुमार घितोड़े के कुशल नेतृत्व में मेरा युवा भारत के लिए युवा व डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम को लेकर नगर पंचायत जैजैपुर में संचालित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल, जैजैपुर के रासेयो इकाई द्वारा 23 से 29 दिसम्बर 2024, रविवार तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। षष्ठम दिवस में जिला संगठक प्रो. सोमेश कुमार घितोड़े शिविर मूल्यांकन के लिए शिविर पहुंचे हुए थे।

सर्वप्रथम जिला संगठक घितोड़े का बैच एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तदपश्चयात बच्चों से बारी-बारी से बच्चों से वार्तालाप किया गया है। जिला संगठक घितोड़े ने अपने उद्बोधन में रासेयो के उद्देश्य, लक्ष्य, आदर्श वाक्य, रासेयो के थीम एवं विविध प्रकार के रासेयो के परीक्षा, पुरस्कार के संबंध में विस्तृत चर्चा, महाविद्यालय में प्रवेश एवं अपने शानदार छत्तीसगढ़ी में कविता के द्वारा उद्बोधन का समापन किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार यादव, कार्यक्रम अधिकारी रीमा रानी पलांगे, सहा. कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार नारंग, शंकर लाल यादव, गायत्री यादव, सागर चन्द्रा, तामेश्वरी रात्रे, सविता यादव एवं रा.से.यो. इकाई के शिविरार्थी अंशी देवांगन, हिना सक्सेना, हंसनी, गीताजंली, अल्का, छत्रदेव, अय्याज इमरान, दिशा, पराग, तुलेश, ध्रुव, टालेश्वर, विकाश, अनुराग, रितेश, धनंजय, सत्यम, मलिका, राधिका, मोनिका, हीनारानी, खुशबू, योगेश्वरी, भूमिका, राजलक्ष्मी, तानिया, पूनम, दीप्ति, तमन्ना, प्रिया, ममता, दिव्या, योगिता, खेमराज, पुष्पेंद्र, सिद्धार्थ, नवीन, भरत, मयंक, हरीश, जितेंद्र, जीतू, क्रिश, रोहित कुमार, संजू, सतीश कुमार, उदय कुमार, विक्रम कुमार, प्रदीप, हिमेश, शिखा खूंटे, धनलता चन्द्रा, स्वाती चन्द्रा आदि स्वयं सेवक/सेविका की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# हटरी धर्मशाला में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com




शक्ति शहर की हटरी धर्मशाला में महिला सदस्यों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य व्यंजन किया जा रहा है, इस आयोजन में जहां कलश यात्रा के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई, तो वही वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से अपनी अमृतमय वाणी से भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं, तथा पूरे आयोजन को सफल बनाने में जहां महिला सदस्य जुटे हुए हैं, तो वहीं शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भी लोग सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन कथा श्रवण करने आ रहे हैं तथा इस कथा के माध्यम से व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक ने कहा है की श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही आदमी की सारी तकलीफों का निवारण होता है, तो वहीं मनुष्य को अपने अमूल्य समय में से समय निकालकर भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए, तथा भागवत कथा में दी हुई बातें जहां हमारे जीवन को भी बेहतर बनाती हैं, तो वहीं भक्ति के प्रति भी मनुष्य को अग्रणी होना चाहिए तथा श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन जहां श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नंद उत्सव, मोहनी अवतार, वामन अवतार सहित विभिन्न प्रसंग के माध्यम से आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही है, तो वहीं प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है एवं कार्यक्रम स्थल में भी जहां आकर्षक सजावट की गई है तो वहीं महिला समिति के सदस्य प्रतिदिन पूरी व्यवस्था को बनाने में जुटे हुए हैं।

# बम्हनीडीह के प्रत्यूष बने सीए, गांव में खुशी का माहौल

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



सीए परीक्षा के परिणाम में बम्हनीडीह के प्रत्यूष अग्रवाल ने परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। परिजनों ने प्रत्यूष को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। प्रत्यूष अग्रवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल (जांजगीर-चांपा) से पूरी की और रायपुर जा कर अपनी चार्टर्ड अकाउंट्स की शिक्षा प्राप्त की। परिणाम आने के बाद पूरे परिवार सहित मित्रगणो द्वारा मिठाई बांट कर एवं फटाके फोड़ कर जश्न मनाया गया, बम्हनीडीह के बाजार मोहल्ला मोहल्ला निवासी अजय अग्रवाल के पुत्र प्रत्यूष अग्रवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव सहित जिले का नाम चमकाया है। पिता अजय अग्रवाल का गांव में किराने का दुकान है प्रत्यूष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। बेटे की सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। परिजनों और मित्रगणों ने प्रत्यूष को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सीए बनकर वह काफी खुश हैं। प्रत्यूष की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है और यह दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# जिले के 18843 किसान अब तक धान बेच चुके, 281 करोड़ 24 लाख से अधिक का भुगतान किसानों को किया गया, निरंतर धान का उठाव जारी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में सुव्यवस्थित रूप से हो रही धान की खरीदी जिले में अब तक 133283.08 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी। धान खरीदी के एवज में 18843 किसानों को 2,81,24,18,840 रूपए (दो सौ इक्यासी करोड़ चौबीस लाख अठारह हजार आठ सौ चालीस) का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है। भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही है, तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ डीवो जारी 1297950.00 क्विंटल धान उठाव 413259.20 क्विंटल जिले में 14 नवम्बर से अब तक 133283.08 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक जिले के 18843 किसानों ने अपना धान बेचा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 6301 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 3,36,458.00 मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 28 दिसम्बर तक 18843 किसानों से 133283.08 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए आज दिनांक तक कुल 142038.36 मीट्रिक टन टोकन जारी किए गए थे। आगामी सप्ताह की खरीदी के लिए कुल 5289 किसानों हेतु 43222.24 मीट्रिक टन का टोकन जारी किया गया हैं। जिले में 75 मिलरों का अनुबंध किया जाकर अब तक 1297950.00 क्विंटल का डीवो जारी किया जा चुका है जिसमे से 413259.20 क्विंटल का धान भी उठाया जा चुका है। धान उठाव की गति प्रगतिशील है।

# नगरीय निकायों के 21 अधिकारियों के हुए तबादले



**सक्ति।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव के ठीक पहले छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने एक आदेश जारी कर प्रदेश के 21 निकायों के अधिकारियों के तबादरी किए गए किए हैं, जिसमें नगर पालिका शक्ति के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह को नगर पालिका अकलतरा का मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है तो वही नगर पंचायत अड़भार में सहायक राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन को भी नगर पंचायत खरौद का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है,वही छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग की इस बड़ी सर्जरी से आने वाले समय में निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर देखा जा रहा है

# जैजैपुर में गुरू घासीदास जयंती धूमधाम से मनाया गया

**जैजैपुर।** एकता एवं मानवता का संदेश देने वाले महान संत बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती जैजैपुर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महान संत बाबा गुरु घासीदास जी के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया एवं बाबा गुरू घासीदास जी के जैतखाम पर पालो चढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष भानू प्रताप खांडेकर, छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के जिला अध्यक्ष इंजी. संतोष प्रसाद, जैजैपुर खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी एवं लोक कलाकार डॉ.हरगोविंद कोशले, जैजैपुर सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जांगड़े, अधिवक्ता मदन लाल खांडे, शिक्षक संघ के प्रवक्ता सोनबरीसा कुर्रे, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश खांडे, चिंतामणी कुर्रे, मनोज खांडेकर, पूर्व पार्षद सुखदेव खांडे व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड जिले में अब तक 5418 वयं वंदना कार्ड बनाया गया

## जिले में कार्ड बनाने हेतु 44 चिकित्सालय चिन्हांकन, आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। जिला जशपुर में 26.11.2024 से बुजुर्गों को इस योजना के तहत् लाभन्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर एवं स्वास्थ्य सेटर में बनाया जा रहा है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे। चूंकि पहले बुजुर्गों का कार्ड भी राशन कार्ड के हिसाब से बनता था इसलिए किसी का 50 हजार तो किसी का 5 लाख का कार्ड बना हुआ है। अब जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों 70 वर्ष से अधिक से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बनवा लेवें। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने का अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तक है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा में वय वंदना कार्ड बना लेवे। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आयें। जिले में अब तक 5418 वयं वंदना कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 44 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें जिला चिकित्सालय जशपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैकु, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्तुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलेसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरापाठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनक्यारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरायणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटाईकेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरसई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुड़ेग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किलकिला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्रोग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झिक्की, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलिया शामिल हैं।

# अपने कार्य में लगातार अनुपस्थित होने के कारण 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 4 सहायिका का सेवा समाप्त

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बगीचा विकास के 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 4 सहायिका का अपने कार्य में लगातार अनुपस्थित होने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त किया गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका लगातार अपने कार्य में अनुपस्थित होने के कारण छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय परिसर डी. के.एस भवन रायपुर के पत्र द्वारा और स्थायी शिक्षा समिति का अनुमोदन 06.12.2024 के तहत निम्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को कार्य के प्रति लगातार अनुपस्थित होने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त किया गया है।उक्त आदेश तत्काल अनुमोदन दिनांक से प्रभावशील है। विगत दिवस के साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने आंगनबाड़ी केंद्र में कसावट लाने के निर्देश दिए थे और समय पर आंगनबाड़ी खोलने के लिए कहा गया था। बगीचा जनपद सीईओ और परियोजना प्रशासक महिला बाल विकास विभाग प्रमोद सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। सेवा समाप्ति अभ्यर्थी का नाम सिलीचिन पैंकर बम्बा कार्यकर्ता राहरपारा संगीता तिर्की नन्हेसर सहायिका तम्बाकछार कु0 असिन्ता भगत कुरडेग सहायिका कदमपारा मंजू भगत झिक्की सहायिका सुकबासुपारा सरस्वती बाई सरबकोम्बो सहायिका कुचाडीपा शामिल हैं।

# अमर सुल्तानिया चुने गए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**सक्ति।** गुजरात प्रदेश के गांधीधाम में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के निर्वाचन में शानदार वोटो से जीत हासिल कर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा को गौरवांनित किया है, ज्ञात हो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें अमर सुल्तानिया ने एक तरफा चुनाव में जीत दर्ज की, तथा अमर सुल्तानिया की इस जीत पर जहां छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा के मंच सदस्यों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है, तो वही छत्तीसगढ़ के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनैतिक संगठनों ने भी अमर सुल्तानिया को जीत की बधाई दी है, वही अमर सुल्तानिया ने अपनी इस जीत पर कहा है की मंच सदस्यों के सहयोग एवं आशीर्वाद से उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जो बड़ी जिम्मेदारी मिली है, वे बखूबी अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगे तथा मंच को मजबूत बनाते हुए अपने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र में शाखों का विस्तार करेंगे।

# डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक सुधारों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी एक नई पहचान बनाई

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सदस्य केंद्रीय न्यासी बोर्ड (ईपीएफओ) सदस्य चिकित्सा लाभ परिषद (ईएसआईसी) डॉ. दीपक जायसवाल ने एक बयान जारी करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। उन्होंने अपने ज्ञान, नेतृत्व और दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक और सामाजिक प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक सुधारों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी एक नई पहचान बनाई। उनकी दूरदृष्टि ने हमें उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण जैसे आर्थिक सुधार दिए, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया। आरटीआई अधिनियम के माध्यम से उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा दिया, जिससे भारत में लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने में मदद मिली। उनकी नीतियों ने गरीबों, किसानों और आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केन्द्रीय श्रमिक संगठन की ओर से और मेरी व्यक्तिगत रूप से, मैं उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस कठिन समय में उनके परिवार एवं शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रेषित करता हूँ।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./1428/लो.नि.शा./न.पा.प./2024 अमलेश्वर, दिनांक 27/12/2024

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट फॉर्म ''ए'' में प्रतिशत दर पर P.W.D. Building S.O.R./Road S.O.R. 01-01-2015 में निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा का प्रकार | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण (अधोसंरचना मद अंतर्गत) | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा विवरण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | ई-प्रोक्योरमेंट निविदा (द्वितीय निविदा) | 163535 | निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 08 एवं 11 में रामअवतार साहू के घर के पास पुलिया एवं आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | लागत राशि 40.07 | ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.01.2025 |
| 03 | | 163538 | निकाय क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक 7 में छबी यादव के घर से पानी टंकी मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं आर.आर.सी.नाली निर्माण कार्य। | लागत राशि 27.46 | ऑनलाईन दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि - 17.01.2025 |

**टीप:-** उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से एवं ऑनलाईन http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''
''जल ही जीवन है''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर

त्रुटिवश गलत प्रकाशित होने के कारण दोबारा प्रकाशित किया जा रहा है।

# अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा प्रारंभ

## हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में 50 वर्षीय महिला की हुई सफल ओपन हार्ट सर्जरी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट सर्जरी विभाग के कुशल डॉक्टरों की टीम ने 50 वर्षीय महिला की सफल ओपन हार्ट सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया है। हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में यह सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के बाद महिला की हालत ठीक है तथा वह अभी डॉक्टरों की देखरेख में है। मरीज का वाल्व रिप्लेसमेंट हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य के निवासियों को नए वर्ष के आगमन पर ओपन हार्ट सर्जरी सुविधा की शुरुआत के लिए अस्पताल प्रबंधन को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी हैं। श्री जायसवाल ने कहा है कि बहुत जल्द ही यहां बाईपास सर्जरी की शुरुआत भी होगी। महासमुंद निवासी 50 वर्षीय महिला मरीज को लगभग तीन साल से सांस फूलने की शिकायत थी। थोड़ा भी काम करने से हृदय की धड़कन बढ़ जाती थी जिसे हार्ट पल्पिटेशन कहा जाता है। अपनी इन्हीं समस्याओं के साथ महिला अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची। उन्होंने मरीज की पूरी जांच की। जाँच में पता चला कि हार्ट के वाल्व में सिकुड़न है और एक वाल्व में लीकेज है। हार्ट का वाल्व इतना सिकुड़ गया था कि इनको डॉक्टर ने 3 साल पहले ही ऑपरेशन की सलाह दी थी मगर ओपन हार्ट सर्जरी का नाम सुनकर मरीज तथा उसके परिवार के लोग घबरा गए और उस वक्त उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी करवाने से मना कर दिया फिर उसके बाद समस्या बढ़ती गई और मरीज पुनः एक बार फिर डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची, जहां पर उन्होंने ने महिला को ओपन हार्ट सर्जरी से संबंधित सभी जानकारी दी। उनकी काउंसलिंग की। सर्जरी के पश्चात स्वास्थ्य में होने वाले सुधार के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को केस की गंभीरता तथा ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बारे में बताया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश पर तत्काल कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूजनिस्ट तथा अन्य मानव संसाधन की व्यवस्था की गई। अंततः 26 दिसंबर को मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी की गई तथा मरीज के हृदय में कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण किया और एक वाल्व को रिपेयर किया। इस ऑपरेशन को मेडिकल भाषा में माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट बाय यूजिंग बाईलीफलेट मैटेलिक प्रोस्थेटिक वाल्व प्लस ट्राईकस्पिड वाल्व रिपेयर अंडर हार्टलंग मशीन कहा जाता है। डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज की वर्तमान हालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की मरीज ने सुबह का नास्ता, दोपहर का लंच तथा रात का खाना अपने हाथों से खाया। मरीज की हालत में लगातार सुधार है। मरीज का ऑपरेशन करने वाली टीम में हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. वरुण, परफ्यूजनिस्ट राहुल और डिगेश्वर तथा नर्सिंग स्टाफ में राजेंद्र, नरेंद्र एवं चोवा राम शामिल रहे।

# जिला अस्पताल में सेरेब्रल पालसी और अंगदान जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल में 27 दिसंबर 2024 को एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सेरेब्रल पालसी और अंगदान जागरूकता पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर डी राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र सोनी और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बच्चों में सेरेब्रल पालसी की पहचान, इलाज और इसके रोकथाम के बारे में प्रशिक्षण दिया। इसमें ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रमन श्रीवास्तव और डॉ. हेमंत शर्मा ने सेरेब्रल पालसी से प्रभावित बच्चों के इलाज के लिए उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की। इस शिविर में 87 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 7 बच्चों को रायपुर के डीकेएस हॉस्पिटल में जांच कराने के लिए भेजा गया। शिविर में डॉ. जयंत यादव, डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, डॉ. अतीक कुमार सोनी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि सेरेब्रल पालसी एक जन्मजात विकृति है, जो मस्तिष्क के हिस्सों में क्षति के कारण होती है, जिससे मांसपेशियों के कार्य में कठिनाई होती है। यह बीमारी विशेष रूप से पहले जन्मे और कम समय तक गर्भ में रहने वाले बच्चों को प्रभावित करती है। उन्होंने इस कार्यक्रम को बच्चों के जीवन में सुधार लाने और उन्हें बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन को बच्चों में सेरेब्रल पालसी के लक्षण पहचानने और जल्द से जल्द विशेषज्ञों से इलाज कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में सेरेब्रल पालसी के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रभावित बच्चों के जीवन में सुधार लाना था, ताकि उन्हें खुशहाल जीवन मिल सके।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का निःशुल्क उपचार

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई है। इसके तहत जिले में सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कार्य समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त च्वॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को 05 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, ई-केवायसी करवाने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन, ई-केवायसी का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एम.सी.एच. पखांजूर, एम.सी.एच. अलबेलापारा कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर आवश्यक है। राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ से कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल 29 हजार 623 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक कुल 1074 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। विकासखण्ड चारामा में 5178 में से 203 कार्ड, नरहरपुर में 5521 में से 219 कार्ड, कांकेर में 5972 में से 293, कोयलीबेड़ा में 5718 में से 184, भानुप्रतापपुर में 3363 में से 120 कार्ड, दुर्गूकोंदल में 1926 में से 30 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 1702 में से 25 कार्ड का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिको से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या च्वॉइस सेंटर में अतिशीघ्र आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# महिला उत्पीड़न पर हुआ एकदिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला उत्पीड़न के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ रश्मि सिंह के दिशानिर्देश व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के सहयोग व उपनिरीक्षक थाना अंतागढ़ हेमलता परिहार के विषय विशेषज्ञ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के संयोजक सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र सुषमा चालकी द्वारा स्वागत उद्बोधन करते हुए उपस्थित छात्रों को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित महिला उत्पीड़न के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से अवगत करते हुए जानकारी साझा की। तत्पश्चात विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित उपनिरीक्षक हेमलता परिहार द्वारा महिलाओं के ऊपर घटित अपराधों को कैसे रोके व असामाजिक तत्वों को कैसे पहचान करके अपने माता-पिता के साथ अन्य ऐसे व्यक्ति जिन पर भरोसा किया जा सकता है उससे साझा करें अगर आप महाविद्यालय में हो तो आपको सीधे महिला प्राध्यापकों को बताना है। छात्रों को आगे बताये की अगर आप के साथ किसी भी प्रकार की घटनाएं होती है तो उसे हर हाल में बताना ही है आगे आप घटना के बारे में नहीं बताएंगे तो वो व्यक्ति की हौसला और बढ़ेगा फिर आपको ज्यादा परेशान करने लगेगा और यह घटना बड़ी घटना भी बन सकता है। इससे बेहतर है कि आप अपने साथ घटित परेशानियों को बताए किसी के माध्यम से भी पुलिस तक पहुँचे फिर आगे की कार्य पुलिस करेगा। पुलिस आपकी जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखकर कार्य करेगी। किसी भी अपराध को खत्म करने के लिए जब तक आप सब पुलिस के साथ मिलकर कार्य नहीं करोगे तब तक हम एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान नहीं दे सकते। कार्यशाला के अंत में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित परिहार को संयोजक महिला प्रकोष्ठ एवं संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापक द्वय श्यामानंद डहेरिया, रमेश कुमार दर्रो, क्रीड़ाधिकारी चेतन श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

# ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन होगा 1 जनवरी से

पायनियर संवाददाता ‹ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सरगुजा जिला में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति की पात्रता रखते हैं को सूचित किया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही https//postmatric-scholarship. cg.nic. in वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2024-25 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक है। इसी तरह ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक, सैंक्शन आर्डर लॉक करने हेतु 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बन्द कर दिया जावेगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृति से वंचित रह जाते हैं, इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

# प्रदेश के नौ और स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के नौ स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इनमें जांजगीर चांपा, सूरजपुर, महासमुंद, दुर्ग व बिलासपुर के स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर खरे उतरने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले इन सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का कार्य निरन्तर जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और प्रदेश के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को दी बधाई

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इस साल नवम्बर में इन नौ स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। टीम के मूल्यांकन में सूरजपुर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुंगड़ी को 86.65 प्रतिशत, उप स्वास्थ्य केन्द्र पाकनी को 86.43 प्रतिशत, पालदा को 84.11 प्रतिशत व जाजावल को 80.44 प्रतिशत, जांजगीर चांपा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलई को 88.22 प्रतिशत व आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलपारा को 88.57 प्रतिशत, महासमुंद जिले के उपस्वास्थ्य केन्द्र सोनासिल्ली को 87.32 प्रतिशत, दुर्ग जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़िया को 82.50 प्रतिशत व बिलासपुर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र लुफा को 83.83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान व उपचार अभियान



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीबी (तपेदिक) के शंकास्पद मरीजों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला जेल बेमेतरा में 27 दिसंबर 2024 को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के आदेश और जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के डीटीओ डॉ. अशोक कुमार बसोड के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में जेल में विचाराधीन सभी 125 बंदियों की टीबी और कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही, एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, और हेपेटाइटिस सी के परामर्श एवं रक्त जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर में जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से दिनेश जायसवाल (पीएमडीटी) यशवंत भारद्वाज(डीपीपीएमसी) सुनील पात्रे (टीबीएचव्ही) एवं जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से पुराणिक नायक (आईसीटीसी काउंसलर) संजय तिवारी (आईसीटीसी एमएलटी) ने स्क्रीनिंग,परामर्श एवं रक्त जांच में सेवाएं प्रदान किए। उक्त स्वास्थ्य शिविर में एक वयोवृद्ध और एक टीबी संदेहास्पद की पहचान कर उन्हें एक्सरे और नाट जांच के लिए चिन्हित किया गया।

# जनपद पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में 30 दिसम्बर को होगा प्लेसमेंट कैंप आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 30 दिसंबर 2024 को जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय बलरामपुर में प्रातः 11 से 03 बजे तक किया जाएगा। आयोजित प्लेसमेंट कैंप में बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड, होटल अंश इंटरनेशनल एवं नेशनल फाइनेंसियल सर्विस कंपनी उपस्थित होंगे। प्लेसमेंट कैंप में सिक्योरिटी गार्ड के 200, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 20, स्टेवार्ड के 08, हाऊस कीपर के 06, कैशियर के 02 तथा फील्ड ऑफिसर के 10 पद रिक्त हैं, जिसकी पूर्ति की जानी है। उक्त प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# जिला जेल बेमेतरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीबी (तपेदिक) के शंकास्पद मरीजों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला जेल बेमेतरा में 27 दिसंबर 2024 को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के आदेश और जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के डीटीओ डॉ. अशोक कुमार बसोड के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में जेल में विचाराधीन सभी 125 बंदियों की टीबी और कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग की गई।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु सूचना जारी

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा आदिवासी विकास शाखा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित-प्रभावित क्षेत्रों मे स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं स्कूली-शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सीएसीएस क्लैट तथा एनडीए) में सफ्ल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये है। इस संबंध में सर्व प्राचार्यों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा मण्डल संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि उनके अधीनस्थ विकासखण्ड स्तर, शासकीय, अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्राक्चयन परीक्षा में शामिल करायें। इसके अलावा नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों को संस्था में सीधे प्रवेश दिया जायेगा। परंतु इसके लिए नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी रात्रि 12 बजे तक एवं आवेदन पत्र की त्रुटि सुधार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों की परीक्षण 28 जनवरी से 7 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट https / eklavya. cg.nic. PRSMS/ student-Admission-detail में देखा जा सकता है।

# वय वंदन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी, डोर टू-डोर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों का केवाईसी कराकर नवीन आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) एवं मितानिनों के द्वारा डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान कार्ड (वय वंदन कार्ड) बनाया जा रहा है। वर्तमान में वय वंदन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार राशन कार्ड के अनुसार जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले 26718 लोग हैं। इनमें अधिकतर बुजुर्ग का नाम परिवार के पास मौजुद राशन कार्डों मे दर्ज है। अब तक उन्हें उनके जारी राशनकार्ड के प्रकार अनुसार ईलाज मिलती है। अब स्कीम के आधार पर केवाईसी कराकर नया आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें जिले में अब तक 1790 बुजुर्गों का कार्ड बनाया जा चुका है। इसके साथ ही हितग्राही नवीन आयुष्मान कार्ड के लिए अपने नजदीकी चॉइस सेन्टर में अपना आधार कार्ड ले जाकर अपना केवाईसी करा सकते है। केवाईसी कराने पर प्रत्येक बुजुर्ग के पास स्वयं का आयुष्मान कार्ड होगा। इस कार्ड से वे सरकारी एवं पंजीकृत निजी अस्पतालों में 05 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकते हैं।



# स्वस्थ तन और मन के लिए याद रखें 5 नियम

**हमारे शरीर की हर प्रणाली आपस में जुड़ी हुई है। इसलिए, हमारा शारीरिक स्वास्थ्य हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और हमारा मानसिक स्वास्थ्य हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। हम इन नियमों को नियमों की तरह नहीं मानते हैं, क्योंकि ये जीवन का एक तरीका हैं।**

## पूरा पोषण लेना

पोषण लेने का मतलब यह नहीं है कि हम हर समय सलाद खाते रहते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शरीर को प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, वसा से लेकर सभी विटामिन और खनिजों तक सभी पोषक तत्वों से भर दें। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा कुल कैलोरी सेवन हमारे शरीर संरचना लक्ष्यों के अनुरूप है। यह भी सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आहार में हमारे पसंदीदा और मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे शरीर का 50-60 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है और हमें इष्टतम स्वास्थ्य, मस्तिष्क के कार्य आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।

## व्यायाम और गतिविधि

सप्ताह में कम से कम 3-5 बार व्यायाम करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। व्यायाम का कोई भी रूप जो हमारे लिए सुरक्षित है, और जिसका हम आनंद लेते हैं, हम में से अधिकांश के लिए एक अच्छी शुरूआत है। दैनिक आधार पर सक्रिय रहने और अधिक कदम (8-10' कदम) चलने के साथ इसे जोड़ना एक आदर्श संयोजन बनाता है।

## इसके बाद नींद आती है

हर रात 75 घंटे से ज्यादा सोना अच्छा होता है। पर्याप्त नींद भी हमारी उत्पादकता में सुधार करती है और लालसा, भूख को कम करती है, सूजन और भावनात्मक प्रतिक्रिया को कम करती है।

## तनाव प्रबंधन और दिमागीपन

दूसरी ओर, तनाव प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है, अगर तनाव को ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो यह वास्तव में हमें बेहतर प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। याद रखें, हमारे विचारों की गुणवत्ता हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करती है। इसलिए, हमें सक्रिय रूप से अपने दिमाग पर काम करना चाहिए, खुद को सुधारना चाहिए और अपने मानसिक दोषों को कम करना चाहिए। नियमित रूप से ध्यान करना और कृतज्ञता जर्नलिंग रूटीन रखना इनके लिए एक गेम चेंजर है।

## पर्यावरण और नियमित प्रबंधन

पर्यावरण प्रबंधन में हमारे पर्यावरण में सब कुछ शामिल है। किचन में खाने से लेकर हमारी आदतों और सोशल मीडिया पर हम लोगों को फॉलो करते हैं। क्या हम अपने आत्म-विकास और हमारे लिए महत्वपूर्ण लोगों को पर्याप्त समय दे रहे हैं? यह उस तरह के लोगों तक भी फैलता है जिनसे हम खुद को घेरते हैं। खुद से पूछने के लिए कुछ प्रश्न : क्या वे हमें प्रेरित करते हैं? क्या वे हमें और हमारे लक्ष्यों का समर्थन करते हैं? क्या वे हमें सुधारने में मदद करते हैं? क्या हमारी दिनचर्या हमें स्वस्थ बनाती है, हमें मनुष्य बनाती है या हमें अधिक उत्पादक बनाती है? मैं अत्यधिक सुबह और सोने से पहले की दिनचर्या रखने की सलाह दूंगा।

# लहसुन-अदरक के सेवन से रहें सेहतमंद

**किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं और इसे मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में पौष्टिक आहार व सही दिनचर्या का पालन करना भी जरूरी है। साथ ही ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने की आवश्यकता है, जो हमें अंदर से मजबूत बनाए। हमारी रसोई में वे सारी औषधियां मौजूद हैं जिनके गुणों से हम अभी भी अनजान हैं।**

जी हां, आप अदरक-लहसुन का इस्तेमाल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आप इसके सेहत लाभ के बारे में जानते हैं? लहसुन-अदरक के सेवन से आप निरोगी काया पा सकते हैं। लेकिन इसी के साथ इसका सेवन कैसे करना है, इस बारे में भी हमें पता होना आवश्यक है। अधिकतर लोग यह सोचते हैं कि केवल खाने में ही अदरक-लहसुन का सेवन काफी है लेकिन इसके अलावा भी आपको इनका सेवन करना चाहिए, क्योंकि खाने के पकने के दौरान इनके गुण कम हो जाते हैं। आइए जानते हैं इस लेख में लहसुन-अदरक के फायदों व सेवन करने के सही तरीके के बारे में।

## इम्यून सिस्टम को कैसे करें मजबूत?

इम्यून को मजबूत करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें। इसे खाने में पका के खाने की बजाय इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। कुछ देर इन्हें हवा लगने दें। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल तत्व पाया जाता है। ये तत्व वायरस, बैक्टीरिया व फंगस के खिलाफ काम करते हैं। लहसुन खाने से एंटीवायरस प्रोटेक्शन भी मिलता है।

## लहसुन कैसे खाएं

इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। इसे आप खाना खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। लहसुन को चबा-चबाकर खाने की बजाए इसे पानी के साथ सीधा निगल लें। इस तरह से लहसुन का सेवन करने से यह ज्यादा फायदेमंद होता है। लहसुन को 25 से 30 दिन नियमित खाने के बाद आपके अंदर से लहसुन की खूशबू आना शुरू हो जाएगी तब आप समझ जाएं कि इससे अधिक आपको लहसुन का सेवन नहीं करना है।

लहसुन कई लोगों को हजम नहीं होता है। इसके लिए आप इसका सेवन एकसाथ न करें व धीरे-धीरे इसकी आदत डालें। शुरुआत के समय आप लहसुन के एकदम छोटे से हिस्सा का सेवन करें, फिर इसी तरह धीरे-धीर इसे बढ़ाएं। जब आप लहसुन ले रहे हैं तो इसके साथ दही का सेवन भी करें।

## अदरक

अदरक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रख सकते हैं। इसका नियमित सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देगा।

## अदरक को कैसे खाएं?

अदरक को बिलकुल बारीक पीस लें व कद्दूकस करें। आपको अदरक 1 चम्मच लेना है। इसमें 6 गिलास पानी डालें। अब इसे उबलने दें। जब यह पानी 3 गिलास हो जाए तो इसे 1 कप में निकाल लें। इसे आप गुड़ या शहद के साथ भी ले सकते हैं। दिनभर में एक बार इसका सेवन करें।





# जानिए मुलेठी के ये गजब के फायदे

मुलहठी स्वाद में मीठी होने के साथ-साथ कई औषधि गुणों से भरपूर है। इसके सेवन से न सिर्फ खांसी में आराम मिलता है बल्कि इसके कई फायदे भी है। इसका इस्तेमाल आंखों के रोग, मुंह के रोग, गले के रोग, दमा, दिल के रोग, घाव के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है आइए जानते हैं मुलहठी के गजब के फायदों के बारे में.

- अगर आप सूखी खांसी या गले की समस्याओं से परेशान हैं, तो मुलहठी आपके काम की चीज है। काली मिर्च के साथ पीस कर मुलहठी का सेवन, सूखी खांसी में तो लाभकारी है ही, साथ ही इसे चूसने या उबालकर सेवन करने से गले की खराश, दर्द आदि में भी लाभ होता है।
- मुलहठी चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है। इसे घिसकर लगाने पर चेहरे के दाग और मुंहासे ठीक हो जाते हैं, साथ ही यह आपकी त्वचा को जवा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुलहठी रक्त को भी शुद्ध करती है जिससे त्वचा की समस्याएं नहीं होती।
- दूध के साथ मुलहठी का सेवन शरीर की ताकत में वृद्धि करता है। इसके अलावा घी व शहद के साथ मुलहठी का प्रयोग करने से हृदय से संबंधित समस्याएं नहीं होती।
- मुंह में छाले हो जाने की स्थिति में मुलहठी चूसना, इसके पानी से कुल्ला करना और उसे पीना बहुत जल्दी छालों से राहत देता है। साथ ही मुलहठी आवाज को मधुर और सुरीली बनाने के लिए भी उपयोग की जाती है।
- पेट के अल्सर में मुलहटी का सेवन ठंडक देने के साथ ही लाभप्रद होता है। आंत की टीबी होने की स्थिति में भी मुलहठी फायदेमंद उपाय है।
- त्वचा या शरीर में कहीं जल जाने पर भी मुलहठी के चूर्ण और मक्खन का लेप एक कारगर उपाय है, साथ ही यह आंखों की रौशनी में भी वृद्धि करती है।



# क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?

वॉकिंग करना यानी टहलना कई वजहों से हेल्थ के लिए फायदेमंद ही है। इसस दिल स्वस्थ रहता है, कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, मूड को बेहतर बनाता है। लेकिन क्या खाना खाने के बाद वॉकिंग करना हेल्दी है? स्टडी से पता चलता है कि यह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।

## यह ब्लड शुगर को रखता है मैंटेन

डायबिटीज मैनेजमेंट में एक अहम हिस्सा आपकी फिजिकल एक्टिविटी होती है। टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के साथ एक कंट्रोल्ड ट्रायल में पाया गया कि जो लोग अपने मुख्य भोजन के बाद वाकिंग करते थे उनका शुगर लेवल उन रोगियों की तुलना में कम था जो दिन में सिर्फ एक बार चलते थे।

## दिल के लिए है अच्छा

एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर दिन चलने से आपको हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। दरअसल करेंट ओपिनियन इन कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार वाकिंग करना कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, ब्लड सर्कुलेशन और ब्लडप्रेशर के लिए फायदेमंद होता है। इस तरह खाना खाने के बाद चलना आपके दिल की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका है।

## पाचन को रखता है दुरुस्त

रिसर्च कहती है कि फिजिकल एक्टिविटी के एंटी इन्फ्लेमेटरी एक्टिविटी के कारण खाना खाने के बाद चलना पाचन में सुधार कर सकता है। एक्सरसाइज से अपनी आंतों में फैट, लिपिड और ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के परिवर्तनों को कम करने में मदद करते हैं जो इन्फ्लेमेटरी स्थितियों को कम कर सकते हैं।

## लेकिन दुष्प्रभाव भी हैं

खाने के बाद वॉकिंग करना पेट में तकलीफ की वजह भी बन सकता है। इनमें अपच, मतली, उल्टी, पेट फूलना, गैस, दस्त, और दर्द शामिल हैं। यह एक हाई कार्बोहाइड्रेट सेवन या हाल ही में खाए गए खाद्य पदार्थों के पाचन में समस्याओं के कारण होता है। इससे बचने के लिए आपको चलने से 30 मिनट पहले इंतजार करना चाहिए।




**चलना या वॉकिंग करना ऐसी एक्टिविटी है जिसे आप आसानी से अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। लेकिन क्या खाना खाने के बाद चलना सेहतमंद है?**



# पेट से जुड़ी समस्याओं से हैं परेशान तो इन आसान उपायों से पाएं छुटकारा

**लाइफस्टाइल में बदलाव का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। गलत खान-पान आपकी सेहत को प्रभावित करता है, ऐसे में पेट से जुड़ी समस्या का होना आम बात है। जैसे पेट दर्द, गैस, पेट का फुलना आदि। वहीं कुछ लोग पेट अच्छी तरह साफ न होने की शिकायत रहती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप पेट साफ न होने की समस्या से निजात पा सकते हैं।**



- बदहजमी से परेशान है, तो आपको पुदीने का सेवन करना चाहिए। पुदीना पेट को साफ करने में मदद करता है। इसका सेवन आप चटनी के रूप में भी कर सकते है।
- सौंफ और सफेद जीरा पाउडर को पहले तवे पर भून लें और फिर उसे मिलाकर पीस लें। अब इस पाउडर का सेवन या तो दिन में एक बार करें या फिर अगर पेट साफ न होने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं, तो इसका सेवन दो से तीन बार करें। आपको पेट साफ न होने की समस्या से राहत मिलेगी।
- नियमित रूप से सुबह के समय गुनगुना पानी पीने की आदत बनाएं। इसके कई फायदे हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है।
- अजवाइन का बीज गैस और बदहजमी की समस्या को दूर करता है और तुरंत पेट को साफ करता है। इसके लिए आप अजवाइन के बीज को भूनकर रख लें और खाना खाने के बाद कुछ बीजों को रोज चबाएं।



# आलू का करें छिलके सहित इस्तेमाल जानिए इसके लाभ

सब्जी बनाते समय हम जब आलू का इस्तेमाल करते है, तो आमतौर पर लोग इसके छिलके निकाल कर फेंक देते है, और इसके बाद ही आलू का इस्तेमाल करते है, लेकिन क्या आप जानते हैं आलू को छिलके सहित इस्तेमाल करने के क्या सेहत लाभ मिलते हैं।

## ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है

आलू में भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो कि ब्लड प्रेशर को रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है

आलू के छिलकेमेटाबॉलिज्म को भी सही रखने में मददगार होते है। इन्हें खाने से नर्व्स को मजबूती मिलती है।

## एनीमिया से दूर रखता है

आलू के छिलकेमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है जिससे एनीमिया होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

## ताकत

आलू के छिलकेमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी3 पाया जाता है, जो कि शरीर को ताकत देने का काम करता है।

## फाइबर से भरपूर

हमारी डाइट में फाइबर की कुछ मात्रा जरूर शामिल होना चाहिए और आलू के छिलकेमें अच्छी मात्रा में फाइबर्स होते हैं। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बूस्ट करने का काम करते है।

# भाजपा सरकार गांव-गरीब और किसानों के हित को सबसे ऊपर रखकर काम कर रही है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर एवं लेवई में आयोजित कृषक सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कृषक उन्नति योजना के लाभान्वित और प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद कर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा कृषक व कृषि कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किसानों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारना, कृषि उत्पादन को बढ़ाना और कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी सुधार को बढ़ावा



देना है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार गांव-गरीब और किसानों के हित को सबसे ऊपर रखकर काम कर रही है। केंद्र एवं प्रदेश में संचालित हो रही सभी योजनाएं इस बात को प्रमाणित भी करती है। हर खेत तक पानी पहुंचे और सभी किसान परिवार का जीवन खुशहाल हो इसी ध्येय को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। हमे इस बात की खुशी है कि हमारे प्रयासों को सभी की सराहना मिल रही है, फलस्वरूप और अधिक उत्साह के साथ हमारी सरकार जनता की सेवा कर पा रही है। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सिंगारपुर उपार्जन केंद्र के अध्यक्ष दीनबंधु दुबे, लेवई उपार्जन केंद्र के अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, महेश वर्मा, बुधेश्वर वर्मा, रविन्द्र जैन, संतोष साहू, सुरेश वर्मा, सुनील यदु, मालिकराम यदु, मान सिंह निषाद, दिनेश साहू, सहित भाजपा पदाधिकारीगण, विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान भाई व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कैकेयी निंदनीय नहीं, वंदनीय है : क्योंकि श्रीराम वन गए, तभी मर्यादा पुरुषोत्तम बन गए : मानस विदुषी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्व.सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे 7 दिवसीय दिव्य संगीतमयी श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर अयोध्याधाम से पधारी सुप्रसिद्ध मानस विदुषी देवी चन्द्रकला ने श्रीराम वनगमन और केवट प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया। हजारों श्रद्धालुओं ने इस अदभुत कथा का रसास्वादन किया और प्रसाद ग्रहण किया। कथा के दौरान विदुषी चन्द्रकला ने कहा, रामायण में कैकेयी का पात्र ऐसा है जिसे वनगमन का दोषी माना गया है। लेकिन गहराई से देखने पर समझ आता है कि *कैकेयी निंदनीय नहीं बल्कि वंदनीय हैं, क्योंकि उनके वरदानों ने ही श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। भरत जी ने कैकेयी की निंदा की जिसे तुलसीदास ने शब्दों को उद्धृत करते हुए कहाः जब तैं कुमति कुमत जियँ ठयऊ, खंड खंड होई हृदउ न गयऊ। बर मागत मन भइ नहिं पीरा, गरि न जीह मुहं परेउ न



कीरा। भगवान राम ने भरतजी को चित्रकूट में कैकेयी की इस तरह कठोरतम निंदा करने रोका। भरत जी की कठोर निंदा के बावजूद, भगवान श्रीराम ने उन्हें रोकते हुए कहाः दोसु देहिं जननिहि जड़ तेई, जिन्ह गुर साधु सभा नहिं सेई। रामायण का गहन अध्ययन हमें यह समझने में मदद करता है कि कैकेयी, जिनका उद्देश्य राम को वनगमन के लिए प्रेरित करना था, वंदनीय हैं। मानस विदुषी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की आलोचना करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण बाद लाखों लोगों की रोजी रोटी चल रही है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बलौदा बाजार के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भी श्रीराम कथा का श्रवण किया और आयोजन समिति की सराहना की। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के अब केवल दो दिन शेष हैं। रविवार को श्री भरत चरित्र का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अपील है कि इस दिव्य आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## छ.ग. गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह ने पटेल द्वारा गोकुल नगर गौठान ठान का निरीक्षण कर गायों की सेवा रोटी खिलाकर की



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 के क्षेत्र में आने वाले गोकुल नगर गौठान की व्यवस्था का निरीक्षण जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल एवं गौ सेवकों की उपस्थिति में किया। राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गौठान में गायों की रोटी खिलाकर सेवा की। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौठान के सम्बन्ध में जानकारी लेकर गौठान का संचालन अच्छी तरह से लगातार करने कहा।

# शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 16 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 16 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी



एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना थाना भाटापारा शहर द्वारा 04, थाना पलारी द्वारा 06 थाना कसडोल द्वारा 04 एवं थाना सिमगा तथा लवन द्वारा एक-एक पलारी द्वारा 01-01 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। संतोष आनंद उम्र 59 साल निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, राजेश आनंद उम्र 52 साल निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, भोला साहू उम्र 30 साल निवासी सिद्ध बाबा के पास भाटापारा थाना भाटापारा शहर, नवीन मिश्रा उम्र 47 साल निवासी सिद्ध बाबा के पास भाटापारा थाना भाटापारा शहर, नीरज सिंह उम्र 45 साल निवासी नवापारा डोंगरीडीह थाना लवन, तिहारू यादव उम्र 41 साल निवासी ग्राम जंगलोर थाना पलारी, भुवन कलार उम्र 34 साल निवासी पलारी थाना पलारी, समारू कलार उम्र 59 साल निवासी वार्ड नंबर 13 पलारी थाना पलारी, जितेंद्र देवांगन उम्र 29 साल निवासी पलारी थाना पलारी, मोरध्वज कन्नौजे उम्र 25 साल निवासी ग्राम रोहांसी थाना पलारी, भूपेंद्र बंजारे उम्र 25 साल निवासी ग्राम रसौटा थाना पलारी, नरसिंग पैकरा उम्र 31 साल निवासी कसडोल थाना कसडोल, गोविंद थवाईत उम्र 35 साल निवासी ग्राम कटगी थाना कसडोल, पुनीत यादव उम्र 38 साल निवासी हडहापारा कसडोल थाना कसडोल, दुर्गेश साहू उम्र 35 साल निवासी ब्राह्मणपारा कसडोल थाना कसडोल, संतोष सोनकर उम्र 48 साल निवासी कंकालिन पारा सिमगा थाना सिमगा।

## ग्राम तरेंगा में सटटा-पटटी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम तरेंगा में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 06 नग सट्टा-पट्टी एवं नगदी 6160 जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध क्र. 676/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।



## दुर्ग नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए 12 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग नगर विधानसभा के एक कार्य वार्ड क्रमांक 35(रामदेव मंदिर) शिवनाथ नदी रोड स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 12 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी।

# भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता में शामिल हुए भाजपा नेता योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

गोमची नंदनवन में बाबा गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा के द्वारा दिखाया गया सत्य, समानता और मानवता का मार्ग आज के समाज में भी प्रासंगिक है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम है, बल्कि समाज में एकता और सदभावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन प्रयास है। कार्यक्रम में आयोजित पंथी नृत्य प्रतियोगिता ने स्थानीय



सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास जी के संदेशों को प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने समाज में एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। योगेश तिवारी ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है। योगेश तिवारी ने इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाजसेवा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाज की भलाई के लिए कार्य करना ही सच्ची सेवा है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के शामिल प्रतिष्ठित लोगों में संरपच शाम बाई बंजारे, महेश निषाद अशोक लहरे सुखराम टंडन सुन्दर लाल बंजारे भगवान दास बंजारे, अशोक लहरें, मुकेश साहू, डॉक्टर रूपेंद्र कुर्रे, मोतीराम, नीलू निषाद, गन्नू गेंद्रे, भेखलाल बंजारे, चिंता बंजारे, अमरु बंजारे, घनश्याम बंजारे, मानू टंडन, गेंदलाल देशलहरे, टाकेश्वर देशलहरे, रामेश्वर देशलहरे, डॉक्टर जलंधर देशलहरे, भागवत टंडन, संजय गेंद्रे, कमल देशलहरे, नूतन देशलहरे, राहुल बंजारे, झम्मन बंजारे, मोहित देशलहरे, तोरण टंडन, बीरेंद्र देशलहरे, डागेश्वर बंजारे, तुषार बंजारे, विजय मनहरे, ज्ञानचंद बंजारे, कृष्णा चतुर्वेदी, प्रियांस टंडन, प्रिंस मनहरे, आर्यन मार्कण्डेय थे।

# होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई 2025 एसपी 160 बी बोल्ड, बी एडवांशड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई एसपी160 को लॉन्च किया है, जो ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप है। आज के जमाने के राइडर के लिए बनाई गई, इस अपडेटेड एसपी160 में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई 2025 होंडा एसपी160 की शुरुआती कीमत (एक्स-शोरूम दिल्ली) 1,21,951 रुपये है। अपडेटेड एसपी160 को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हम नई ओबीडी2बी अनुपालक (निर्धारित मानकों के अनुरूप) अपडेटेड एसपी160 को



पेश करते हुए बहुत खुश हैं। अपने लॉन्च के महज एक साल के भीतर, एसपी160 ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई है। अब ओबीडी2बी मानकों का पालन करने वाले इंजन और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी एवं टीएफटी डिस्प्ले जैसी आधुनिक खूबियों के साथ, एसपी160 हमारे ग्राहकों के गाड़ी चलाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। इस लॉन्च के बारे में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, एसपी160 बोल्ड बनने की चाहत रखने वाले महत्वाकांक्षी युवा राइडर्स द्वारा प्रेरित है। अपनी आधुनिक डिजाइन, विभिन्न फीचर्स से लैस टेक्नोलॉजी और असाधारण मूल्य के साथ, नई एसपी160 युवा, टेक-सेवी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगी जोकि स्टाइल के साथ-साथ शानदार फंक्शन वाली बाइक चाहते हैं। हमारा मानना है कि अपडेटेड एसपी 160 का लॉन्च 160 सीसी के प्रीमियम यात्री वर्ग में नए मानक स्थापित करेगा। स्पोर्टीनेस और व्यावहारिकता के साथ सावधानीपूर्वक डिजाइन किये गये, अपडेटेड एसपी 160 में एक आकर्षक नया एलईडी हेडलैंप है। अन्य प्रमुख डिज़ाइन तत्वों में स्पोर्टी श्राउड्स के साथ एक मस्कुलर फ्यूल टैंक, एक एरोडायनामिक अंडरकाउल, क्रोम कवर के साथ बोल्ड मफलर और एलईडी टेललैंप शामिल हैं। यह दो वैरिएंट्स, सिंगल डिस्क और डबल डिस्क में उपलब्ध होगा, जिसमें चार कलर ऑप्शन होंगे रेडिएंट रेड मेटैलिक, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल डीप ग्राउंड ग्रे और एथलेटिक ब्लू मेटैलिक।

## पूरे भारत से 1600 पार्टिसिपेंट की 550 टीम ने किया रजिस्ट्रेशन

# 2 दिवसीय हैकाथन नवोन्मेष 24 के फाइनल राउंड का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में 2 दिवसीय हैकाथन नवोन्मेष 24 के फाइनल राउंड का आयोजन किया जा रहा है। इस हैकाथन में पूरे भारत से 1600 पार्टिसिपेंट की 550 टीम ने रजिस्ट्रेशन किया, और 220 टीम फर्स्ट राउंड पर भाग लीं जिसमें 30 टीम फाइनल राउंड के लिए सलेक्ट हुई, ये 30 टीम 24 घंटे में अपना प्रोडक्ट बनाकर देंगे, इनमें से विजेता को 1 लाख, उपविजेता को 50 हजार, तीसरी टीम को 25 हजार और 2 टीम को 20-20 हजार का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के उदघाटन में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा पहचानने और हार के डर से प्रयास ना रोकने की बात कही, आईपी मिश्रा, चेयरमैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों की प्रतिभा और कॉन्फिडेंस बढ़ता है, सेक्रेटरी निशांत त्रिपाठी ने बताया कि 'नवोन्मेष 24' करने के पीछे बहुत बड़ा सकारात्मक उद्देश्य है। राज्य के विभिन्न सेक्टरों में अनेक समस्याएं हैं। जिन पर शोध और प्रोजेक्ट की आवश्यकता है। राज्य के विद्यार्थियों के लिए यहां असीम संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों पर यदि शोधपूर्ण काम किए जाए तो न सिफ विद्यार्थियों को अपना टैलेंट दिखने का अवसर मिलेगा। अनेकानेक समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। हैकाथन के जज नितिन शर्मा, इंडिया हेड क्वालकॉम, हृदेश सिंघल, सीईओ हैदराबाद थे।



# वृद्ध दम्पत्ति को मिला महतारी वंदन का सहारा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के दुर्ग विकासखण्ड के पुरई गांव निवासी ढेला बाई यादव और उनके पति शिव प्रसाद यादव, दोनों की उम्र 60 वर्ष से अधिक है। परिवार में और कोई सदस्य नहीं है। जिनसे उन्हें जीविकोपार्जन में अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण उन्हें मनरेगा में भी काम नहीं मिल पा रहा था। वृद्धावस्था में पेंशन के लिए भी प्रयास किए गए लेकिन सर्वे सूची में नाम नहीं होने के कारण उन्हें पेंशन नहीं मिल पा रही थी। गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा साहू ने ढेला बाई को जुड़ने की सलाह देते हुए महतारी वंदन योजना का आवेदन भरा। आवेदन स्वीकृत होने पर ढेला बाई यादव को विगत मार्च 2024 से हर माह 1000 रूपए की राशि प्राप्त



हो रही है। इस राशि से उनकी जीविकोपार्जन की मूलभूत जरूरतें पूरी हो रही हैं। ढेला बाई यादव और उनके पति शिव प्रसाद सरकार की इस योजना से काफी खुश हुए है, उन्होंने जीविकोर्पाजन की सहारा मिल जाने पर इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

# शास्त्री चौक बना 'नो ऑटो जोन' सवारी ऑटो और ई-रिक्शा प्रतिबंधित

## ऑटो संघ के पदाधिकारियों की बैठक में यातायात नियमों के पालन के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी के हृदय स्थल शास्त्री चौक में यातायात के दबाव को कम करने और सुगम, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने रविवार से सभी प्रकार के सवारी ऑटो और ई-रिक्शा वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय डॉ. अनुराग झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), रायपुर के नेतृत्व में लिया गया। उन्होंने ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक में इस व्यवस्था को लागू करने और यातायात नियमों के पालन के निर्देश दिए। इससे पूर्व, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ शास्त्री चौक सहित प्रमुख सड़कों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान यातायात दबाव के कारण शास्त्री चौक में सवारी ऑटो और ई-रिक्शा के प्रवेश को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री चौक से गुजरने वाले यात्रियों के लिए नए मार्गों की व्यवस्था की गई है। टाटीबंध से शास्त्री चौक आने वाले ऑटो शहीद स्मारक भवन तक जा सकेंगे। वापस बॉम्बे मार्केट कटिंग से यू-टर्न लेकर लौटेंगे। रेलवे स्टेशन से शास्त्री चौक आने वाले ऑटो कचहरी चौक तक जाएंगे और खालसा स्कूल टर्निंग से वापस लौटेंगे। तेलीबांधा से आने वाले ऑटो नगर घड़ी चौक तक आ सकेंगे। वहां से बंजारी चौक होते हुए अन्य मार्गों पर जा सकेंगे। पचपेड़ी नाका से शास्त्री चौक आने वाले ऑटो बंजारी चौक पर सवारियों को उतारकर वापस लौटेंगे। इस बैठक में गुरजीत सिंह और सतीश ठाकुर (उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रायपुर), ऑटो संघ से कमल पांडेय, ई-रिक्शा संघ से सुरेश तिवारी, स्कूल ऑटो संघ से जगदीश तिवारी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह निर्णय शास्त्री चौक को यातायात दबाव मुक्त और शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी वाहन चालक और नागरिक सहयोग कर इस निर्णय का पालन सुनिश्चित करें।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच धनंजय वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित








पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच धनंजय वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम पंचायत भवन, जरौदा, रायपुर में शनिवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. धनेन्द्र साहू, दंत रोग विभाग के डॉ. राम तिवारी, नर्सिंग स्टाफ रेणूका साहू व जन संपर्क अधिकारी, सुनील साहू, सुनील वर्मा, विरेन्द्र खुटेल एवं ग्राम पंचायत से गजेन्द्र साहू (सरपंच प्रतिनिधि) उपस्थित रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, व अन्य रोगों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल द्वारा गांव में शिविर आयोजित करने हेतू अस्पताल एवं टीम का आभार व्यक्त किया।

# आयुक्त ने पेंटिंग, सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति देखी जोन 10 को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर के पचपेड़ीनाका से पुराना धमतरी रोड के मुख्य मार्ग के रोड डिवाइडर में पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति प्रत्यक्ष देखी। यह कार्य नगर निगम जोन क्रमांक 10 के माध्यम से ठेका एजेंसी से करवाया जा रहा है। आयुक्त ने जोन 10 के जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को रोड डिवाइडर में पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की श्रद्धांजली सभा आज

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिये प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रविवार दोपहर 12 बजे श्रद्धांजली सभा आयोजित है। श्रद्धांजली सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरपालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 में मतदाता बनाने के लिए कार्यक्रमों में संषोधन किया गया है। नगरपालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को की जाएगी। छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 06 जनवरी 2025 सोमवार 3 बजे तक दावे/आपत्तियों का निपटारा 09 जनवरी 2025 गुरूवार किया जाएगा। नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकेंगे। इस तरह नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे। नगरपालिकाओं और त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए निर्वाचक नामावली प्रारूप क-1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी का दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 तक और प्रारूप क-1 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2025 निधारित की गई है। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को की जाएगी।

# नए वर्ष के जश्न को लेकर तैयारी पूरी, नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए साल 2025 के जश्न की तैयारी रायपुर में जोरों पर है। इस बार 80 से अधिक होटलों, रेस्टोरेंट्स और फार्म हाउसों ने शराब परोसने के लिए अनुमति मांगी है, जिसे प्रशासन ने सख्त नियमों के साथ मंजूरी दी है। जश्न मनाने वालों को नियमों का पालन करना होगा, वरना जेल की हवा खानी पड़ सकती है। आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि सभी कार्यक्रम 31 दिसंबर की रात 12:30 बजे तक बंद कर दिए जाएं। देर रात पार्टी करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। 500 पुलिस जवानों की तैनातीः शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शराब पीकर गाड़ी चलाने, तेज रफ्तार और अन्य कानून तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रमुख आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तेलीबांधा, वीआईपी रोड और नवा रायपुर जैसे इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। आबकारी विभाग ने विशेष टीमें बनाई हैं, जो सुनिश्चित करेंगी कि होटलों और बार में शराब परोसने के समय का पालन हो। रात 12 बजे के बाद खुला पाया जाने पर जुर्माना और कार्रवाई होगी। 31 दिसंबर की रात विशेष नाइट पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, स्टंटबाजी, कार रेसिंग या खुले में पार्टी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा। आतिशबाजी केवल तय स्थान और समय पर करने की अनुमति दी गई है। होटलों और रेस्टोरेंट्स को पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी। आयोजकों को सुनिश्चित करना होगा कि सभी कार्यक्रम नियमों और शांति व्यवस्था के तहत आयोजित हों। नए साल का जश्न मनाने के दौरान सुरक्षा, समय और नियमों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उल्लंघन करने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

# पॉवर कंपनी में 6 जनवरी को नि :शुल्क दंत व ईएनटी शिविर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित चिकित्सालय में 6 जनवरी, 2025 को निःशुल्क दंत (डेंटल) एवं कान, नाक, गला रोग (ईएनटी) शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी चिकित्सालय के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अबीर मिश्र, एम.डी.एस.(कंजरवेटिव एंड एंडोडोन्टिक्स) एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सुरभि मिश्रा (एम.एस.ईएनटी) उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनी मुख्यालय में कार्यरत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण कंपनियों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा औषधालय का संचालन किया जाता है। इस औषधालय में पॉवर कंपनी द्वारा मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा के लिए सूचीबद्ध रायपुर नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में यह निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जा हैं जिसमें पूर्वान्ह 10 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे तक मरीजों की निःशुल्क जांच की जायेगी। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा पॉवर कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठायें।

# नए जज ने किया सेंट्रल जेल का औचक निरिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




नवपदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा ने केन्द्रीय जेल रायपुर के पुरूष सेल एवं महिला सेल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर एवं जेल बैरकों की साफ सफाई तथा कैदियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन आहार का निरीक्षण किया जो संतोषजनक पाया गया। जज ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के क्रियान्वयन का भी निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित होने वाले लीगल एड डिफेन्स कौन्सिल एवं न्यायमित्र (पी.एल.वी.) को वहाँ रहने वाले कैदियों को हरसंभव विधिक सुविधा प्रदान किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कोई भी बंदी बिना विधिक प्रतिनिधि / अधिवक्ता के न रहे यह सुनिश्चित करने को कहा गया। केन्द्रीय जेल रायपुर में बी.पी. वर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर भी किया गया जिसमें वहाँ उपस्थित कैदियों को लीगल एड क्लीनिक के कार्यशैली के बारे में जानकारी दी गई और कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा व्यक्तिगत रूप से कैदियों की परेशानियों को भी उनके द्वारा सुना गया। केन्द्रीय जेल रायपुर में स्थापित हॉस्पिटल का भी निरीक्षण द्वारा किया गया वहाँ उपस्थित चिकित्सकों से मिलकर वहाँ भर्ती मरिजों की जानकारी ली गई और चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरिजों को कैदी या अपराधी ना समझते हुए केवल मरीज है यह समझकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हर संभव उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जावे।

29 Dec. 2024 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY ANNIVERSARY BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
▪ हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स ▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST CAR PARK SHADE WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70% | पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403